CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $34^{0}$C
न्यूनतम : $22^{0}$C

मुरादाबाद, रविवार 17 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 271 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 29 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



आंधी-तूफान पीड़ितों की पूरी उदारता से मदद करे सरकार: मायावती पेज 2



डीसी की प्लेऑफ की उम्मीदों को सूर्यवंशी से खतरा खेल टाइम्स



चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी पेज 11



विजय थलापति का नाम सुन शरमाई तृषा कृष्णन बॉलीवुड

# तीसरे व चौथे बच्चे के जन्म पर नकद पैसा देगी आंध्र सरकार

श्रीकाकुलम, वार्ता

**आंध्र प्रदेश** के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरे बच्चे के जन्म पर परिवार को 30 हजार रुपये और चौथे बच्चे के जन्म पर 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। नायडू श्रीकाकुलम जिले में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले वह जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में थे, लेकिन अब समय बदल गया है। अब जन्म दर बढ़ाने की जरूरत है। एक महीने के भीतर इसकी पूरी जानकारी जारी की जाएगी। इससे पहले आंध्र सरकार दूसरे बच्चे के जन्म पर 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर चुकी है। 5 मार्च को मुख्यमंत्री ने विधानसभा में इसकी जानकारी दी थी। नायडू ने कहा कि बच्चों को बोझ नहीं, बल्कि देश की संपत्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। किसी भी समाज की जनसंख्या स्थिर रखने के लिए प्रति महिला औसतन 2.1 बच्चों की जन्म दर जरूरी होती है। उन्होंने दावा किया कि कई देशों में घटती आबादी और बुजुर्ग होती जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा है। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अप्रैल 2025 में महिलाओं से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील भी की। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि सरकारी महिला कर्मचारियों को बच्चों की संख्या चाहे जितनी हो, हर बच्चे पर 26




■ राज्य में जन्म दर बढ़ाने की जरूरत, कम जनसंख्या से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ा: सीएम चंद्रबाबू नायडू

हफ्ते यानी 6 महीने की मातृत्व अवकाश मिलेगा। तब तक यह अवकाश सिर्फ पहले दो बच्चों तक सीमित था। दो से ज्यादा बच्चे होने पर 12 हफ्ते की छुट्टी मिलती थी। महिला दिवस के कार्यक्रम में नायडू ने कहा था कि यह फैसला जनसंख्या संतुलन बनाए रखने और महिलाओं को नौकरी व परिवार के बीच संतुलन बनाने में मदद करने के लिए लिया गया है। नायडू का कहना था कि दुनिया के कई देशों की तरह भारत में भी युवाओं की संख्या घट रही है और बुजुर्ग आबादी बढ़ रही है। इसी वजह से वे लंबे समय की जनसंख्या नीति पर जोर दे रहे हैं। नायडू के बयान को लोकसभा परिसीमन से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, केंद्र की भाजपा सरकार परिसीमन को लेकर बिल संसद में एक बार रख चुकी है। दक्षिणी राज्यों को डर है कि 46 साल से रुका हुआ परिसीमन जनसंख्या को आधार मानकर हुआ, तो लोकसभा में हिंदीभाषी राज्यों के मुकाबले उनकी सीटें घट जाएंगी। हालांकि यह बिल पास नहीं हो पाया था। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में बोलते हुए समझाया था कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा की सीटें 543 से 850 कैसे होंगी। शाह ने कहा कि मैं समझाता हूं। मान लीजिए 100 सीटें हैं और 33 फीसदी महिलाओं के लिए आरक्षण देना है। यदि कुल सीटों में 50 फीसदी वृद्धि कर दी जाए, तो यह 150 हो जाती हैं। और जब 150 का 33 फीसदी आरक्षण लागू होता है, तो यह लगभग 100 सीटों के बराबर हो जाता है।' 'अभी लोकसभा में 543 सदस्य हैं। परिसीमन के बाद सीटों में 50 फीसदी वृद्धि की जाएगी और कुल संख्या 816 हो जाएगी। इसमें से 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। 850 एक राउंड फिगर है, वास्तविक संख्या 816 होगी।'

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी भाषण मामले में आजम खां को दो साल की सजा



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां को वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए विवादित बयान के मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भोट क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा से जुड़ा है। आरोप है कि मोहम्मद आजम खां ने मंच से प्रशासनिक अधिकारियों, विशेषकर तत्कालीन जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### पाक तय करे वो भूगोल का हिस्सा बनना चाहता है या इतिहास का: उपेंद्र

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को बहुत सख्त लहजे में चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ साजिशें रचना जारी रखता है, तो उसे एक बड़ा फैसला लेना होगा। पाकिस्तान को यह तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे (भूगोल) पर रहना चाहता है या सिर्फ इतिहास का हिस्सा बनकर रह जाना चाहता है। जनरल द्विवेदी ने यह बात नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान कही।

### डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या पर 558 करोड़ रुपये का इनाम

**तेहरान।** ईरानी मीडिया में दावा किया गया है कि ईरानी सरकार ट्रम्प की हत्या के बदले 50 मिलियन यूरो (करीब 558 करोड़) के इनाम का एक प्रस्ताव संसद में लाने की तैयारी कर रही है। ईरान वायर के अनुसार, ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के चेयरमैन इब्राहिम अजीजी ने इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा काउंटर-एक्शन नाम की योजना का मसौदा तैयार किए जाने की घोषणा की है। ए टारगेट किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री के बेटे की बढ़ी मुश्किलें

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। पोक्सो मामले में घिरे भगीरथ के खिलाफ साइबराबाद पुलिस ने लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। पुलिस ने यह कदम उनके देश छोड़कर भागने की आशंका के चलते उठाया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी भगीरथ को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में बंदी भगीरथ को तेलंगाना हाईकोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है।

# अब चांदी के आयात पर लाइसेंस लेना जरूरी

## आयात पर प्रतिबंध का उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियम तत्काल प्रभाव से कड़े कर दिए हैं। यह कदम कीमती धातुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाने के कुछ ही दिनों बाद उठाया गया है। इस फैसले से घरेलू बाजार और व्यापार संतुलन पर असर पड़ने की उम्मीद है। सरकार ने चांदी के आ यात को फ्री केटिगरी से प्रतिबंधित केटिगरी में डाल दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के चलते चांदी पर आयात में प्रतिबंध का मकसद विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना माना जा रहा है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी। चांदी की आयात नीति को मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में संशोधित किया गया है। इसमें सोने और



■ कीमती धातुओं पर शुल्क बढ़ाने के बाद फैसला

■ 13 मई को चांदी के आयात पर 6% शुल्क को बढ़ाकर किया था 15%

प्लैटिनम से चढ़ी चांदी भी शामिल है। प्रतिबंधित श्रेणी के तहत आने वाले सामानों के आयात के लिए अब सरकार से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। सरकार ने 13 मई को कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में बड़ी वृद्धि की थी। आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह लगातार दूसरा बड़ा कदम है, जो कीमती धातुओं के आयात को प्रभावित करेगा। इन कदमों से देश में चांदी के व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा। सरकार ने चांदी के आयात को लेकर अपनी नीति में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। पहले चांदी का आयात मुक्त श्रेणी में आता था, जिसका अर्थ था कि इसे आसानी से आयात किया जा सकता था। अब इसे प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। इस बदलाव का मतलब है कि आयातकों को अब चांदी मंगाने के लिए सरकारी अनुमति लेनी होगी। यह प्रक्रिया आयात को और अधिक नियंत्रित और जटिल बना देगी। चांदी पर प्रतिबंध लगाने से पहले, सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया था। 13 मई को यह शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया था। यह वृद्धि सोने और अन्य कीमती धातुओं पर भी लागू हुई थी। इन दोनों कदमों से देश में कीमती धातुओं का आयात महंगा हो जाएगा। यह सरकार का एक और महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय है।

# ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशक: मोदी

■ पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले, तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है।

दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे के दौरान वहां रहने वाला सूरीनामी- हिंदुस्तानी समुदाय खास चर्चा में रहा। यह समुदाय उन भारतीयों के परिवारों से जुड़ा है, जिन्हें करीब 153 साल पहले बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल से काम के लिए सूरीनाम भेजा गया था। बाद में इनमें से कई लोग नीदरलैंड आकर बस गए। आज भी यह समुदाय अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संभालकर रखे हुए है। हेग शहर में रहने वाले लोग अब भी भोजपुरी और अवधी से जुड़ी सरनामी भाषा बोलते हैं। यहां भारतीय संगीत, भजन और भोजपुरी गीत काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भी लोगों ने कथक, गरबा और भोजपुरी गीत पेश किए। करीब दो लाख सूरीनामी- हिंदुस्तानी लोग आज नीदरलैंड में रहते हैं। उन्हें यूरोप में भारतीय मूल का सबसे पुराना बड़ा समुदाय माना जाता है। नीदरलैंड का राज परिवार यूरोप के सबसे पुराने शाही परिवारों में से एक माना जाता है। इसे हाउस ऑफ ऑरेंज-नासाउ कहा जाता है। नीदरलैंड के मौजूदा राजा विलेम-अलेक्जेंडर हैं।

## मोदी पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान को हटाएं या जवाबदेही लें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि उन्हें नहीं हटाया जाता है, तो श्री मोदी को स्वयं इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। राहुल गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश में कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण 22 लाख बच्चों के साथ धोखा हुआ है, लेकिन श्री मोदी एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी को अभी हटाइए या जवाबदेही खुद लीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पेपरलीक की घटना से देश के 22 लाख विद्यार्थियों की दो वर्ष की मेहनत बर्बाद हो गई और पूरा देश जानता है कि नीट परीक्षा से पहले व्हाट्सएप पर प्रश्नपत्र बांटा जा रहा था।

## 182 करोड़ की 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन जब्त

**नई दिल्ली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए 'ऑपरेशन रेजपिल' के तहत 'जिहादी ड्रग' कैप्टागॉन की तस्करी में शामिल एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 227.7 किलो कैप्टागॉन जब्त की है, जिसकी बाजार में कीमत 182 करोड़ रुपये है।

यह पहला मौका है जब देश में इस तरह की खतरनाक ड्रग पकड़ी

■ देश में पहली बार इस प्रकार की खतरनाक ड्रग पकड़ी गई: शाह

गई है। इस मामले में सीरिया के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 'नशा-मुक्त भारत' के लिए संकल्पित है।

## नीट पेपर लीक मामले में एक और गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्न लीक मामले में शामिल एक और मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने गहन पूछताछ के बाद एक अन्य मुख्य आरोपी पुणे (महाराष्ट्र) की वरिष्ठ वनस्पति विज्ञान शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया है। वह नीट-यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं।

## कॉकरोच वाले बयान पर सीजेआई ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को अपनी पैरासाइट और कॉकरोच वाली टिप्पणी पर सफाई दी।

उन्होंने कहा कि मीडिया के एक वर्ग ने मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे

■ मैंने फर्जी डिग्रीधारी वालों की आलोचना की थी: सूर्यकांत

लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीफ जस्टिस ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई करते हुए देश के बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच और परजीवियों से की थी।




# भारत में सूखा व भीषण गर्मी पड़ने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमास्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है।

नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 82 प्रतिशत हो गई है। भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा। अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा, तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है। सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

### 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान व बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के 19 से अधिक राज्यों में आंधी-तूफान और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है जबकि बिहार और अंडमान में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं चलने की चेतावनी दी है। दिल्ली में अधिकतम तापमान में लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि और न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 40.41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.25 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि मानसून आज दक्षिण-पूर्वी अरब सागर, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व हिस्सों, अंडमान सागर के अधिकांश क्षेत्रों, संपूर्ण निकोबार द्वीप समूह और श्री विजयपुरम सहित अंडमान द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर गया है।

■ सुपर अल नीनो के मई-जुलाई से सर्दियों तक जारी रहने के आसार

CMYK

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश वसीम व अल्ताफ को पांच वर्ष की कैद

**बीस हजार रुपए का जुर्माना**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे प्रथम व स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट ने धामपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश वसीम व नगीना थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश अलताफ को पांच-पांच वर्ष के कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना पुलिस टीम ने 15 सितम्बर 2020 को धामपुर के मौहल्ला बंदूकचियान निवासी वसीम उर्फ गलकटा पुत्र फुरकान एवं नगीना थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश अल्ताफ पुत्र महताब निवासी मौहल्ला कलानान (नगीना) को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक किलो अवैध चरस, अवैध शस्त्र, वारदात में इस्तेमाल कार, चोरी की घटना में इस्तेमाल उपकरणों सहित नकदी बरामद की गई थी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 437/20 बनाम वसीम उर्फ गलकटा हिस्ट्रीशीटर एवं मुकदमा अपराध संख्या 439/20 बनाम अल्ताफ हिस्ट्रीशीटर पंजीकृत किया था। पुलिस ने दोनों अभियोगों की विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। पुलिस ने अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। इसी क्रम में आज न्यायालय एडीजे प्रथम एवं स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट ने उपरोक्त अभियोगों से संबंधित वसीम व अल्ताफ को पांच-पांच वर्ष के कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

धामपुर के बड़े बदमाश वसीम के खिलाफ 42 मुकदमें पंजीकृत है। जबकि अल्ताफ के खिलाफ 22 मुकदमें पंजीकृत है।

# लायनेस केशव क्लब की आशा माहेश्वरी तीसरी बार अध्यक्ष बनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** लायनेस केशव क्लब की महिलाओं ने सचिव रितु गर्ग के आवास पूर नई टीम का गठन किया। जिसमें आशा महेश्वरी को तीसरी बार क्लब का अध्यक्ष चुना गया। सचिव लवली अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गीता माहेश्वरी, का मनोनीत किया गया। सभी सदस्यों ने क्लब द्वारा आयोजित सेवा कार्यो के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन किया एवं क्लब के विकास के प्रति संकल्प लिया। साथ ही सभी सदस्यों ने मदर्स डे का कार्यक्रम केक काटकर बहुत सुंदर तरीके से सम्पन्न किया। सभी बहनों ने मातृ दिवस के शुभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और कविताएं प्रस्तुत की। आगामी सेवा कार्य स्वच्छ गंगा के बारे में सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किए एंव अपने सुझाव भी दिए। समाजसेवी व क्लब की अध्यक्ष आशा माहेश्वरी ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर सचिव रितु गर्ग, कोषाध्यक्ष गीता माहेश्वरी, साक्षी कंचन अग्रवाल, लवली अग्रवाल, शालू अग्रवाल, कुसुम आग्रवाल, नीरू बेरी, नीतू मित्तल, ममता अग्रवाल, विनीता गुप्ता, ममता अग्रवाल, दीपा लाहोटी सभी के सौजन्य से कार्यक्रम सुंदर रूप से सम्पन्न हुआ।

# गाय से टकराकर बाइक सवार दम्पति गंभीर घायल



**मौलाना ने हिन्दू दम्पति को पहुंचाया अस्पताल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गाय से टकराकर बाइक सवार दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। खास बात यह है कि वहां से कार से गुजर रहे मेरठ के मौलाना अबरार ने बिना देरी किए हिन्दू दम्पति को अस्पताल पहुंचा दिया। उनके इस कार्य की सराहना हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अजय पाल व उनकी पत्नी संगीता निवासी जसपुर बीती रात बिजनौर से नहटौर की तरफ बाइक द्वारा जा रहे थे। वह मेरठ में अपने बीमार रिश्तेदार को देख कर वापस लौट रहे थे। झालू व नहटौर के बीच में उनकी बाइक के सामने अचानक काले रंग की गाय आ गई। जो उन्हें दिखाई नहीं दी। गाय से उनकी बाइक टकरा गई और दम्पति नीचे गिर कर घायल हो गए। इस दौरान नहटौर की तरफ से आ रहे मेरठ निवासी मौलाना अबरार ने घायलों को देख कर कार रोक ली और उन्हें बिना देरी किए उपचार के लिए ले गए। उनके साथ मौजूद व्यक्ति उनकी बाइक ले गया। मौलाना अबरार के इस नेक काम की सराहना की जा रही है। आम तौर पर हादसों के बाद एम्बुलेंस बुलाने के चक्कर में वक्त बर्बाद कर दिया जाता है। तब तक घायलों का काफी खून बह जाता है और अक्सर उनकी मौत हो जाती है। पुलिस कार्यवाही व अनावश्यक पूछताछ के पचड़े से बचने के लिए घायलों की मदद लोग नहीं करते हैं। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। सबसे बड़ा मजहब इंसानियत है और परेशान लोगों की मदद प्राथमिकता के आधार पर बिना जाति व धर्म देख कर की जानी चाहिए।

दूसरी तरफ झालू व हल्दौर में बड़ी संख्या में आवारा गौवंश सड़कों पर मौजूद रहता है। आवारा गौवंश को पकड़ कर गौशालाओं में नहीं भिजवाया जा रहा है। साथ ही अपने गौवंश को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही नहीं हो रही है। अगर सभी गौवंशों का पंजीकरण करते हुए उनके कानों में बिल्ले लगा दिए जाए, तो आसानी से पता चल जाएगा कि किसने यह गौवंश छोड़ा है। सूत्रों का कहना है कि पशुपालक व किसान गौवंश को अनुपयोगी होने पर लावारिस छोड़ देते हैं। ऐसे गौवंशों की वजह से हादसे होते हैं। साथ ही अवैध रूप से इनका कटान भी किया जाता है। गुलदारों की संख्या तेजी के साथ बढ़ने के पीछे भी यही एक कारण है। गुलदार जंगल में घूम रहे गौवंश को आसानी के साथ अपना शिकार बना लेते हैं। सरकार को इस संबंध में कठोर नियम बनाने चाहिए, ताकि गौवंश सुरक्षित रह सकें।

# हाजी जियाउद्दीन साइकिल पर सवार

**समर्थकों के साथ थामा सपा का दामन**




**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** विधानसभा चुनाव में यहां से पूर्व में बसपा के प्रत्याशी रहे कद्दावर नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लखनऊ में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदी में पार्टी का दामन थाम लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने नूरपुर विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी को सपा की सदस्यता दिलाई। उनके सपा में शामिल होने से पार्टी को जनपद में मजबूती मिलेगी। हाजी जियाउद्दीन अंसारी जनपद की राजनीति में एक बड़ा चेहरा होने के साथ ही अंसारी बिरादरी में मुरादाबाद मंडल में अच्छी खासी पकड़ रखते है। सपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में अंसारी बिरादरी के वोट का भी बड़ा फायदा मिलेगा। हाजी जियाउद्दीन अंसारी नूरपुर विधानसभा में एक मजबूत चेहरा है। उनके सपा में शामिल होने से पार्टी को पहले से ज्यादा वोट मिलेंगे। उनके सपा में आने से हजारों समर्थकों में खुशी की लहर दिखाई दे रही है। उनके सपा में शामिल होने की चर्चाएं पिछले कई महीनों से राजनीति के गलियारों में चल रही थी। उन्होंने विधानसभा चुनाव के बाद से ही बसपा से दूरी बना ली थी। तभी से लगने लगा था कि बसपा को एक बड़ा झटका लगने वाला है। गलत नीतियों एवं चंदाखोरी की वजह से विधानसभा चुनाव के बाद से बसपा का ग्राफ गिरता जा रहा था। बसपा के बड़े नेता पार्टी को छोड़ कर अब अन्य राजनीतिक दलों में शामिल हो रहे है। अब तक बसपा के कई बड़े नेताओं ने सपा का दामन थामा है। सपा आज के दौर में देश की तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है। हाजी जियाउद्दीन अंसारी के सपा में शामिल होने से बसपा में खलबली मची हुई है। उनके इस फैसले ने बसपा को बड़ा झटका दिया है। अब बसपा में अंसारी बिरादरी का कोई बड़ा चेहरा नजर नहीं आता है। पूरे जनपद सहित प्रदेश में हालात इतने खराब है कि बसपा लगातार कमजोर नजर आ रही है। बसपा के कार्यक्रमों में सिर्फ चंद लोग ही दिखाई देते हैं।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने हाथों से हाजी जियाउद्दीन अंसारी को लाल टोपी पहना कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। यह मंजर देख कर हाजी जियाउद्दीन व उनके समर्थक गदगद नजर आ रहे थे। हाजी जियाउद्दीन अंसारी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी भरोसा दिलाया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा की नीतियों का प्रचार कर पार्टी को जनपद की आठों सीटों को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सपा ही भाजपा के जंगल राज से आम जनता को निजात दिला सकती है।

# मेरठ के बंदी अरूण की मौत से हड़कम्प



**जेल के अंदर सब कुछ नहीं चल रहा ठीक ठाक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शायद जेल प्रशासन के बुरे दिन चल रहे है। दस मई को सजायाफ्ता कैदी दीपक द्वारा कथित रूप से जेल के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली गई थी। इस बीच आज सुबह जेल से फिर सनसनीखेज खबर सामने आई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय जेल में बंद मेरठ निवासी बंदी अरूण कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन इस दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की खबर परिजनों को दे दी गई है। लाश का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उससे ही पता चलेगा कि आखिरकार किस वजह से बंदी अरूण कुमार की इस तरह मौत हुई है।

बताया जाता है कि मेरठ के शास्त्री नगर निवासी अरूण कुमार (45 वर्ष) पुत्र बृजकिशोर चोरी के एक मामले में 13 अप्रैल से स्थानीय जेल में बंद था। उसे बिजनौर थाने से जेल भेजा गया था। वह जेल की बैरक नंबर-2 में बंद था। जेलर रविन्द्र नाथ ने बताया कि आज सुबह रोजाना की तरह अरूण कुमार ने नाश्ता किया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसने अचानक बेचैनी और घबराहट की शिकायत की। साथी बंदियों ने जब उसकी हालत बिगड़ती देखी, तो जेल प्रशासन को सूचना दी। आनन-फानन में उसे जेल के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। कुछ समय तक चले उपचार के बावजूद उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन जिंदगी की जंग हारते हुए अरूण कुमार ने दम तोड़ दिया। बंदी की मौत की खबर मिलते ही जेल प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस तत्काल अस्पताल पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों ने अस्पताल और जेल प्रशासन से पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। लगातार दूसरी घटना के बाद जिला कारागार का माहौल एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है और वहां बंद बंदी व कैदी दहशतजदा हो गए। जेल में बंद कैदियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठ रहे है। आखिरकार दस दिन के अंदर दो मौतें होना कहीं न कहीं गंभीर लापरवाही की तरफ इशारा कर रही हैं। जेल प्रशासन पर सवालिया निशान लग रहे हैं। जेल के निरीक्षण के नाम पर अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति करते है और जेल के गेट के बाहर खड़े होकर फोटो खींचवा लेते हैं। वह अचानक जेल में छापा नहीं मारते हैं। जेल में किस तरह से अवैध वसूली हो रही है और कैदियों व बंदियों को क्या सुविधाएं दी जा रही है, इसकी भी गोपनीय जांच नहीं की जाती है। सूत्रों का कहना है कि जेल के अंदर का माहौल ठीक नहीं है और अवैध वसूली जमकर की जा रही है। जो भी डिमांड पूरी नहीं करता है, उसके साथ सख्ती की जाती है। जेल का माहौल रहस्यमय बना हुआ है। जेल के अंदर की खबरें अच्छी नहीं हैं।

## गहने लेकर युवती फरार

**नगीना।** मौहल्ला लाईन पार (आजाद कालोनी) की रहने वाली 20 वर्षीय बरखा अचानक गायब हो गई, लेकिन इस गुमशुदगी के पीछे एक खौफनाक और शातिराना खेल छिपा था।

13 मई की शाम बरखा घर से दुकान पर सामान लेने की बात कहकर निकली थी। जब वह घंटों बाद भी वापस नहीं आई, तो परेशान परिवार ने हर रिश्तेदार और मिलने वाले के यहां खाक छानी, पर उसका कोई सुराग नहीं मिला। 14 मई की शाम करीब 4 बजे भाई थम्मन सिंह के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आती है। फोन करने वाला शख्स कोई और नहीं, बल्कि मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा का रहने वाला अंकित कुमार था। उसने बेहद ठंडे और टोही लहजे में कहा, मैं तुम्हारी बहन बरखा को भगाकर लाया हूं। पुलिस या कानून के पास जाने की कोशिश मत करना, वरना तुझे जिंदा नहीं छोड़ेगा। भाई ने जब हड़बड़ाहट में घर की जांच की, तो उसके होश उड़ गए। बरखा अपने साथ सिर्फ अपनी यादें नहीं, बल्कि हाल ही में अपनी गोदभराई (सगाई) में मिले सोने के 5 कीमती आभूषण और 30 हजार की नकदी भी समेट ले गई थी।

पीड़ित भाई थम्मन सिंह की तहरीर पर नगीना पुलिस ने धारा 87 और 351(3) (बीएनएस 2023)के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस पूरे मामले की तफ्तीशी कमान उपनिरीक्षक अजीत कुमार को सौंपी गई है।

# चिलचिलाती धूप से बचाना पड़ रहा जिस्म

**विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ाई**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दो दिन मौसम ठण्डा रहने के बाद अब एक बार फिर गर्मी ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है। खासतौर पर भरी दोपहरी में चिलचिलाती धूप से जिस्म को बचाने के लिए तमाम तरह के जतन करने पड़ रहे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार दो दिन पूर्व आई आंधी व हल्की बारिश से मौसम कुछ ठण्डा हो गया था। लेकिन आज फिर गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली। सुबह दस बजे से ही चिलचिलाती धूप के चलते सड़कों पर निकलना दुश्वार हो गया। छातों व दुपट्टों का सहारा लेना पड़ा। सीधी धूप बर्दाश्त से बाहर हो रही थी।

दूसरी तरफ जैसे -जैसे गर्मी कहर बरपा रही है, वैसे-वैसे बिजली रूला रही है। पूरे जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा गई है। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर पूरे जनपद से अच्छी खबरें नहीं आ रहीं है। फाल्ट ठीक करने के नाम पर घंटों विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जाती है। विद्युतकर्मी उपभोक्ताओं को सही जवाब देकर यह नहीं बताते हैं कि आपूर्ति कब दी जाएगी। विद्युतकर्मी उपभोक्ताओं की कॉल रिसीव करने से भी बच रहे हैं। पहले स्मार्ट मीटर और अब खराब विद्युत आपूर्ति की वजह से भाजपा सरकार का रिकार्ड गंदा हो रहा है। भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप होने का पूरा प्रतिकूल असर उपभोक्ताओं पर पड़ता है। विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं भाजपा के नेताओं व जनप्रतिनिधियों को इस समस्या की तरफ गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

## एक नजर

### व्यंजनों की जानकारी दी



**नजीबाबाद।** राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर में समग्र शिक्षा माध्यमिक के निर्देशन में चल रहे समर कैम्प के चौथे दिन छात्राओं को व्यंजनों, मसालों, सब्जियों व फलों की जानकारी दी गई। शिक्षिका शिल्पी वर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने व्यंजनों की सूची तैयार करके उनसे संबंधित पोस्टर बनाए तथा पाक कला के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्थानीय व्यंजन स्वयं तैयार करना सीखा। शिक्षिका शिल्पी वर्मा ने कहा कि समर कैम्प की गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने कहा कि समर कैम्प सहित अन्य पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों में विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समर कैम्प में अमीर जहां, अलीशा, समीरन, इकरा, मुस्कान, मनीषा, वंशिका आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### भाकियू की मासिक पंचायत



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत आज किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील अध्यक्ष कमल सिंह की अध्यक्षता में तहसील परिसर में हुई। जिसमें प्रमुखता से मुद्दे उठाए गए। वक्ताओं ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या गुलदार की है। जनपद में गुलदार को रेस्क्यू करके गुलदार मुक्त किया जाए। पेपर फैक्ट्री में भूसे का इस्तेमाल किया जा रहा है, इस पर जिला प्रशासन रोक लगाए ताकि किसानों को पशुओं के लिए चारे की दिक्कत न आए। किसानों के दाखिल खारिज व विरासत जल्द से जल्द कराया जाए, नहरों में पानी आखिरी टेल तक पहुंचाया जाए।

### दबंग ने की मारपीट



**राजा का ताजपुर।** युवक ने दबंगई दिखाते हुए मजदूर के साथ मामूली कहासुनी पर जमकर मारपीट की। मजदूर के सिर में धारदार चीज मारकर उसे लहुलुहान कर दिया। मौहल्ला नई बस्ती निवासी एंथोनी दास के पुत्र हरिकिशन जोसेफ ने आरोप लगाया कि उसका भतीजा गंभीर रूप से बीमार है। वह आरो का पानी पीता है। किसी वजह से हमारे घर वाटर कूलर का पानी नहीं आया था। पास की आटा चक्की से आरओ का पानी लेकर वापस घर आ रहा था। रास्ते में खड़े प्रिंस पुत्र महेश साहुल जोन पुत्र आनन्द व रेशु पुत्र राकेश शराब पी रहे थे। तभी मेरे बेटे बाबू से आरो का पानी मांगने लगे। पानी न देने पर उन्होंने जमकर मारपीट की। गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### गणेश मार्केट में गिरे कीड़े



**नजीबाबाद।** गणेश मार्केट से हैरान कर देने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां मार्केट की छत पर एक कुत्ता मरने के बाद कई दिनों तक सड़ता रहा। हालत इतनी खराब हो गई कि शव में कीड़े पड़ गए और तेज हवा के कारण कीड़े नीचे तक गिरने लगे। जब पूरे मार्किट में बदबू फैली और लोगों ने छत से कीड़े गिरते देखे, तब जाकर दुकानदारों को मामले की जानकारी हुई। मार्केट की छत पर करीब 14 आवारा कुत्तों ने डेरा डाल रखा है। एक डॉग लवर ने उनके रहने के लिए बाकायदा जगह भी बनाई हुई है। लेकिन डॉग लवर की गैर जिम्मेदारी देखिए, कुत्ता मर गया और सड़ गया, लेकिन उसने नगर पालिका कार्यालय को सूचना देना जरूरी नहीं समझा। जहां एक तरफ लोग डॉग लवर होने का दावा करते है, वहीं दूसरी तरफ उनका सही ध्यान नहीं रखते हैं। कुत्ता मर जाने के बाद भी उसे वहां से न हटवाना, डॉग लवर के ऊपर सवालिया निशान खड़ा करता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि आसपास रेस्टोरेंट मौजूद हैं। ऐसे में अगर किसी तरह की बीमारी फैलती है, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? मौजूद लोगों ने इस संबंध में चेयरमैन इंजीनियर मौअज्जम को अवगत कराया। साथ ही लोगों ने आवारा कुत्तों की व्यवस्था करने की मांग की है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
में जनपद बिजनौर में विशेष संवाददाता व संवाददाता सहित क्राइम रिपोर्टर बनने के इच्छुक एवं एजेंसी लेने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय- बाबा प्लाजा, बिजनौर
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

## एक नजर

### जन चौपाल का आयोजन



**अफजलगढ़।** मौहल्ला बेगम सराय स्थित मेम्बर कलवा कुरैशी के आवास पर जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में पुलिस–जन सहयोग, कानून व्यवस्था एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। चौपाल को संबोधित करते हुए कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गति. विधि, आपराधिक घटना या विवाद की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मेम्बर कलवा कुरैशी ने पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि मोहल्ले और नगर में अमन–चौन कायम रखने के लिए सभी लोगों को मिलजुलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा अफवाहों से दूर रहने की अपील भी की। पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड.ने कहा कि जन चौपाल जैसे कार्यक्रमों से आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि जनता और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद से क्षेत्र की छोटी–बड़ी समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो पाता है। इस दौरान लोगों ने सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क, बिजली तथा अन्य स्थानीय समस्याओं को भी उठाया, जिनके समाधान का आश्वासन संबंधित अधिकारियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में हनीफ घोसी, मेहंदी घोसी, राशिद कुरैशी, जरीफ अहमद, शफीक अहमद, कासिम उर्फ काला कुरैशी, नफीस अहमद, मोबीन घोसी सहित मौहल्ले के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अभाविप ने चलाया अभियान

**हल्दौर।** नगर में अभाविप की विभिन्न इकाइयों द्वारा पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए सकोरा अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर, रेलवे स्टेशन आदि समेत शिक्षण संस्थानों पर भी अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह को पात्र वितरित किए और उनसे अपने घर पक्षियों के लिए एक सकोरा रखने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर जिला सोशल मीडिया संयोजक अभय प्रताप सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनमोल चौधरी, नगर सहमंत्री राज धीमान, कपिल आदि समेत नगर के कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### उप निरीक्षक कमरुल हसन को भावभीनी विदाई



**अफजलगढ़।** कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक कमरुल हसन के जनपद से अमरोहा स्थानांतरण होने पर आज को कोतवाली परिसर में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी सहित समस्त पुलिस स्टाफ ने उन्हें फूल–मालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह के दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। सहकर्मी पुलिस कर्मियों ने कहा कि उप निरीक्षक कमरुल हसन ने अपने कार्यकाल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाई। उनके व्यवहार एवं कार्यशैली के कारण विभागीय अधिकारियों के साथ–साथ क्षेत्रीय लोगों में भी उनकी अच्छी छवि बनी रही। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी ने कहा कि पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन कुछ अधिकारी अपने कार्य और व्यवहार से विशेष पहचान बना लेते हैं। उन्होंने कहा कि उप निरीक्षक कमरुल हसन ने टीम भावना के साथ विभागीय जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया और उम्मीद जताई कि वह अमरोहा जनपद में भी बेहतर कार्य करेंगे। इस दौरान उप निरीक्षक कमरुल हसन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अफजलगढ़ में उन्हें जो सहयोग और सम्मान मिला, उसे वह हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि यहां का कार्यकाल उनके लिए बेहद यादगार रहा और उन्होंने सदैव जनता एवं विभाग के हित में कार्य करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप निरीक्षक श्रीपाल सिंह, उप निरीक्षक हरवीर सिंह, उप निरीक्षक छविनाथ, उप निरीक्षक चंद्रवीर सिंह गंगवार, उप निरीक्षक जगन्नाथ सिंह, महिला सब इंस्पेक्टर रीनू पंवार, कांस्टेबल आशीष कुमार, चालक ओमपाल सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### विदुर प्रेरणा कैफे की स्थापना



**अफजलगढ़।** ग्राम वादीगढ़ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत 'विदुर प्रेरणा कैफे' की स्थापना की गई। कैफे का उद्घाटन वादीगढ़ चौराहे पर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली एवं बीडीओ मनवीर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैफे का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य लक्ष्मी देवी एवं कलावती द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली ने कहा कि मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्थायी आय एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि कैफे में स्थानीय स्तर पर तैयार 'विदुर ब्रांड' के खाद्य एवं अन्य उत्पादों की बिक्री की जाएगी। बीडीओ मनवीर सिंह ने इस पहल को महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह कैफे 'स्वदेशी का प्रतीक, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की पहचान' की भावना को साकार करेगा। साथ ही 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मजबूती देने के साथ स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगा। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जनपद प्रशासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं।

# लखनऊ यूनिवर्सिटी पेपर लीक कांड में बिजनौर का प्रोफेसर गिरफ्तार



### जिले में चर्चा का विषय बनी घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजधानी लखनऊ स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रा से कथित अश्लील बातचीत और परीक्षा का पेपर लीक कराने के आरोप में गिरफ्तार असिस्टेंट प्रोफेसर परमजीत सिंह का संबंध बिजनौर जनपद से है। आरोपी प्रोफेसर हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द का निवासी बताया गया है। घटना सामने आने के बाद जिले भर में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार परमजीत सिंह लखनऊ विश्व. विद्यालय के जूलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात था। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक ऑडियो क्लिप में वह एक छात्रा पर मिलने का दबाव बनाते हुए कथित तौर पर परीक्षा के दो पेपर आउट कराने की बात कहता सुनाई दे रहा है। ऑडियो वायरल होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आया और परीक्षा नियंत्रक की तहरीर पर हसनगंज थाने में मुक. दमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने आरोपी प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया है। लखनऊ पुलिस के अनुसार आरोपी पर छात्रा से अमर्यादित व अश्लील बातचीत करने के साथ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करने का प्रलोभन देने जैसे गंभीर आरोप हैं। मामले की जांच जारी है। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रा की गोपनीयता बनाए रखने की बात कही है। घटना के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समेत विभिन्न छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। छात्रों का कहना है कि इस प्रकरण ने गुरु–शिष्य परंपरा और विश्वविद्यालय की साख को ठेस पहुंचाई है।

उधर बिजनौर जिले में भी घटना को लेकर लोगों में हैरानी और नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार परमजीत एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार से संबंध रखता है। परिवार में तीन भाई–बहन बताए जाते हैं। गांव के लोगों का कहना है कि उन्हें इस घटना पर पहले विश्वास ही नहीं हुआ। क्षेत्र में पूरे दिन यही मामला चर्चा का विषय बना रहा। कई लोगों ने कहा कि परमजीत की करतूत से जिले की छवि धूमिल हुई है।

गौरतलब है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में पेपर लीक का मामला पहली बार सामने नहीं आया है। वर्ष 2019 में भी एलएलबी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया था, जिसमें कई लोगों पर कार्रवाई हुई थी। अब एक बार फिर पेपर लीक और प्रोफेसर की भूमिका को लेकर विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है।

## सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

**नहटौर।** कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित नगर पालिका की खाली पड़ी भूमि (पुरानी सब्जी मंडी) पर एक सामुदायिक भवन के निर्माण की मांग तेज हो गई है। वार्ड संख्या 16 के सभासद और अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नगरवासियों और कई वार्डों के सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्षा के नाम एक ज्ञापन लिपिक को सौंपा। सौंपे गए पत्र में मांग की गई है कि इस खाली पड़ी कीमती जमीन पर महाराजा अग्रसेन भवन का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि इससे भूमि का सही सदुपयोग हो सकेगा और नगर के विकास में भी मदद मिलेगी। प्रार्थना पत्र के माध्यम से नगर पालिका अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया गया कि मुख्य बाजार स्थित पुरानी सब्जी मंडी की यह जगह लंबे समय से पूरी तरह रिक्त पड़ी है। वर्तमान में इस स्थान का कोई सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। स्थानीय नागरिकों और अग्रवाल समाज का कहना है कि कस्बे के बीचों–बीच ऐसी महत्वपूर्ण जगह का खाली रहना विकास की दृष्टि से उचित नहीं है।

# एमडीएस में सम्मान समारोह

### विद्यार्थियों का बढ़ाया हौंसला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्थानीय एमडीएस इंटर कॉलेज में आज मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में गृह परीक्षा और बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ–साथ सांस्कृतिक, खेल और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले मेधावियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक डॉ. अतुल बहादुर सक्सेना, उप प्रबंधक नीरज जैन और प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य नरेश कुमार वैद्य ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रबंधक डॉ. सक्सेना ने कहा कि विचारों का संप्रेषण करने की कला जीवन में अति आवश्यक है। उन्होंने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्रधानाचार्य अनुपम माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम पर शाबाशी दी।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी सम्मानित किए गए। ताइक्वांडो में उत्तम सिंह ने ऑल इंडिया ओपन चैंपियनशिप में 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता था। वैटलिफ्टिंग में उज्जवल कुमार पाल ने इंडियन पावर लिफ्टिंग फेडरेशन चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया था।

संचालन प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता अनिल कुमार योगी, देव कुमार त्यागी, आलोक कुमार, सचिन गुप्ता, अशोक रवि, अंकुर चौधरी, आशु सैनी, अमन, दीपांशु सहित स्टाफ का सहयोग रहा।

# 25 करोड़ की कथित ठगी की घटना से अधिकारियों में हड़कंप

### 3000 लोगों से निवेश के नाम पर लिया गया पैसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले में निवेश के नाम पर करीब 20 से 25 करोड़ रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आने से अधिकरियों में हड़कंप मच गया। आज सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे पीड़ितों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पीड़ितों के अनुसार पांच लोगों ने मिलकर एक ग्रुप बनाया था, जो ऑनलाइन मीटिंग और व्यक्तिगत मुलाकातों के माध्यम से लोगों को पैसा निवेश करने पर हर महीने मोटा मुनाफा देने का लालच देते थे। आरोप है कि इन लोगों ने फर्जी कंपनी और मंथली इनकम से जुड़े वीडियो दिखाकर लोगों का भरोसा जीता और निवेश के लिए प्रेरित किया।

शिकायती पत्र में बताया गया है कि आरोपियों ने अलग–अलग बैंक खातों और नकद रकम के जरिए करीब 3000 लोगों से निवेश कराया। आरोप है कि इस तरीके से लगभग 20 से 25 करोड़ रुपये की ठगी की गई।

पीड़ितों का कहना है कि शुरुआत में उन्हें अच्छे मुनाफे का भरोसा दिया गया, लेकिन बाद में भुगतान बंद कर दिया गया। जब निवेशकों ने अपना पैसा वापस मांगा, तो आरोपियों ने उन्हें आत्महत्या करने, फर्जी मुकदमों में फंसाने और जेल भिजवाने की धमकी दी। तहसील पहुंचे लोगों ने प्रशासन से आरोपियों की संपत्तियों की जांच कराने, तत्काल मुकदमा दर्ज करने और पीड़ितों की रकम वापस दिलाने की मांग की है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना को लेकर जिले में चर्चा का माहौल बना हुआ है। शिकायतकर्ताओं में रामानंद सागर, जादीश, आर्यन, सचिन, नीलकमल, कमल, आभा आदि शामिल रहे।

## आध्यात्मिक ज्ञान से संबंधों को मजबूत करने पर बल

**नजीबाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व–विद्यालय के स्थानीय रमेश नगर सेवा केंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शालू दीदी और ब्रह्माकुमारी राधा बहन ने अपने विचार व्यक्त किए।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शालू दीदी ने कहा कि वर्तमान में संसार में तनाव, अशांति और पारिवारिक संबंधों में दूरियां बढ़ रही हैं। इसका मुख्य कारण नैतिक और पारिवारिक मूल्यों में कमी है। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन में अपनाकर परमात्मा से संबंध जोड़ने पर दिव्य गुणों और शक्तियों की जागृति होती है, जिससे परिवार में सुख, शांति, स्नेह और सहयोग का वातावरण बनता है।

## डीजल खर्च घटाने की मुहिम शुरू

**स्योहारा।** नगर में ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए डीजल खपत में बड़ी कटौती का लक्ष्य निर्धारित किया है। नगर पालिका चेयरमैन शेख फैसल वारसी एवं ईओ विजेंद्र सिंह पाल के नेतृत्व में आगामी समय में डीजल उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम कर 30 से 40 प्रतिशत तक घटाने की योजना बनाई गई है। नगर पालिका द्वारा आयोजित बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सरकारी वाहनों का प्रयोग केवल आवश्यक कार्यों में ही किया जाए तथा अनावश्यक ईंधन खर्च पर पूर्ण नियंत्रण रखा जाए। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है। पालिका प्रशासन ने सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे मनाने का प्रस्ताव रखा है। जिसमें जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी साइकिल या पैदल कार्यालय पहुंचकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश देंगे।चेयरमैन शेख फैसल वारसी ने बताया कि बढ़ती ईंधन कीमतों और ऊर्जा संकट को देखते हुए यह पहल आर्थिक बचत के साथ–साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दिशा में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था पर किसी प्रकार का असर नहीं पड़ेगा और सभी सेवाएं पूर्व की तरह सुचारू रूप से जारी रहेंगी। ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने जानकारी दी कि भविष्य में नगर पालिका कार्यालय परिसर में लगभग 10 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल स्थापित करने की योजना भी तैयार की जा रही है। जिससे बिजली की बचत के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

## आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि एक प्लाट रकबई 171 वर्ग मीटर चौहददी पूरब रास्ता 08 फिट चौड़ा, पश्चिम सम्पत्ति राजू व कलवा, उत्तर मकान मुनेश, दक्षिण मकान सुशील कुमार स्थित ग्राम अलीपुर नंगला, परगना मण्डावर, तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर है। इस सम्पत्ति से सम्बन्धित विक्रय पत्र दिनांकित 28.06. 2019 बही 01 जिल्द 10132 पेज 287–306 क्रमांक 7189 (विक्रेता राजीव कुमार, क्रेता श्रीमति मीनाक्षी देवी) व विक्रय पत्र दिनांकित 22.08.2019 बही 01 जिल्द 12830 पेज 117–136 क्रमांक 9885 (विक्रेता श्रीमति मीनाक्षी देवी, क्रेता शलभ अग्रवाल) रजिस्ट्रार बिजनौर कार्यालय पर दर्ज है, वास्तव में कही खो गये है। यदि कोई व्यक्ति उक्त विक्रय पत्र का प्रयोग करता है, तो वह गैर कानूनी है।

उपरोक्त सम्पत्ति का वर्तमान स्वामी मैं रमेश कुमार पुत्र श्री गरीबा सिंह निवासी ग्राम अलीपुर नंगला, परगना मंडावर, तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर हूं तथा विक्रय पत्र दिनांक 17.07.2023 क्रमांक 9885 से मालिक व काबिज हूं। यदि उपरोक्त बैनामा किसी व्यक्ति को मिलता है। तो निम्न पते पर सम्पर्क करे।

**रमेश कुमार पुत्र श्री गरीबा सिंह निवासी ग्राम अलीपुर नंगला, परगना मंडावर, तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर**

## एक नजर

### घायल की उपचार के दौरान मौत

**कोतवाली देहात।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। ग्राम शादीपुर निवासी आकाश पाल (29 वर्ष) पुत्र करतार सिंह 14 मई को गांव से बाइक से बिजनौर जा रहा था। जैसे ही वह छोइया के पुल के पास पहुंचा, वैसे ही उसकी बाइक फिसल गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे एंबुलेंस से बिजनौर भिजवाया। आकाश का बिजनौर में निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा था। बीती रात उपचार के दौरान आकाश की मौत हो गई। आकाश की मौत होने से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। आकाश अपने पीछे दो बच्चों तथा पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### बुर्का पहने युवती का वीडियो वायरल




**किरतपुर।** बस स्टैंड स्थित पुलिस चौकी पर आज दोपहर उस समय अचानक भीड़ जमा हो गई, जब दूसरे समुदाय की युवती बुर्का पहने हुए एक युवक के साथ खड़ी दिखाई दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती बुर्का पहने हुए थी और वह युवक के साथ कहीं जाने के इंतजार में बस स्टैंड पर मौजूद थी। इस दौरान कुछ लोगों ने ध्यान दिया कि युवती कुछ घबराई हुई नजर आ रही है, जिससे मौके पर मौजूद लोगों को संदेह हुआ। और युवती से पूछताछ की गई। लेकिन भीड़ और शोर–शराबे के कारण स्पष्ट रूप से कुछ समझ नहीं आ सका। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अपने साथ थाने ले गई, जानकारी करने पर थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि युवक व युवती दोनों बालिग हैं और एक ही समुदाय से हैं। उन्होंने बताया कि दोनों के परिजनों को थाने बुलाकर उन्हें सौंप दिया। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद लोगों का कहना है कि बुर्का पहनकर किसी विशेष समुदाय को बदनाम नहीं करना चाहिए, और अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों के साथ खुलकर संवाद बनाए रखें और उनकी गतिविधियों व मानसिक स्थिति पर समय–समय पर ध्यान दें।

### मरहूम के परिजनों का ढांढस बंधाया



**अफजलगढ़।** ग्राम मानियावाला स्थित पूर्व प्रधान मरहूम अहमद हसन कुरैशी के आवास पर वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व न्यायाधीश मनोज कुमार तथा समाजसेवी शेख मौहम्मद जैद ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और मरहूम की सेवाओं को याद किया। पूर्व न्यायाधीश मनोज कुमार ने कहा कि स्वर्गीय अहमद हसन कुरैशी से उनकी भले ही कुछ मुलाकातें हुई थीं, लेकिन वह बेहद सादा मिजाज और जनता के हितों के लिए समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। वहीं समाजसेवी शेख मौहम्मद जैद ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मरहूम अहमद हसन कुरैशी से उनका मामा–भांजे का रिश्ता था। उन्होंने कहा कि वह उनके आदर्श थे और उनसे उन्होंने जीवन में बहुत कुछ सीखा। जैद ने भावुक होते हुए कहा कि अहमद हसन कुरैशी हमेशा हर परिस्थिति में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों ने पूर्व न्यायाधीश मनोज कुमार का सम्मान करते हुए क्षेत्र की समस्याओं को उठाया। उन्होंने मनोज कुमार से वर्ष 2027 में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि क्षेत्र को एक योग्य और ईमानदार मार्गदर्शक की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अली हसन कुरैशी, मौहम्मद यूसुफ कुरैशी (ब्लॉक उपाध्यक्ष भाकियू), डा. मौहम्मद मुरसलीन अंसारी, इसरार कुरैशी, इकबाल कुरैशी, नवाब सलमानी, अफजाल कुरैशी, खलील सागर, अपील कुरैशी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरे पुत्र शहजाद व उसकी पत्नी रहीमा का आचरण व व्यवहार मेरे साथ ठीक नहीं है। ये दोनों घर में लड़ाई–झगड़ा करते रहते है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते है। इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने शहजाद व उसकी पत्नी रहीमा से पारिवारिक ताल्लुक वास्ता समाप्त करके इन दोनों को अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है। **रफीक अहमद पुत्र अब्दुल शकूर, निवासी मौहल्ला चौधराना, थाना नगीना, जिला बिजनौर**

## आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि एक प्लाट रकबई 171 वर्ग मीटर चौहददी पूरब रास्ता 08 फिट चौड़ा, पश्चिम सम्पत्ति राजू व कलवा, उत्तर मकान मुनेश, दक्षिण मकान सुशील कुमार स्थित ग्राम अलीपुर नंगला, परगना मंडावर, तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर है। इस सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी रमेश कुमार पुत्र श्री गरीबा सिंह, निवासी ग्राम अलीपुर नंगला, परगना मंडावर, तहसील बिजनौर, जिला बिजनौर विक्रय पत्र दिनांक 17.07.2023 बही 01 जिल्द 12830 पेज 117–136 क्रमांक 9885 से मालिक व काबिज है।

उक्त सम्पत्ति पर वर्तमान स्वामी रमेश कुमार उपरोक्त आवास फाइनेन्सर्स से ऋण लेना चाहते है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति है। तो सात दिन के अन्दर निम्नलिखित पते पर आपत्ति दर्ज कर सकता है।

**संजीव कुमार चौहान एडवोकेट**
**जिला एवं सत्र न्यायालय, बिजनौर**
**मोबाइल नम्बर- 9758525354**

# उपभोक्ता की समस्याओं के समाधान को मेगा कैम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड(पी वी वी एन एल) ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनपद सम्भल में विशेष मेगा कैंप लगाने का निर्णय किया है। यह कैंप 15 मई 2026 से 30 जून 2026 तक अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी कार्यालयों पर आयोजित किए जाएंगे। कैंपों में रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कैंपों में पहुंचकर दी जा रही सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

कैमप में ऐंसे उपभोक्ता जिनका मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है या गलत दर्ज है, उन्हें कैंप में पहुंचकर सही मोबाइल नंबर अपडेट करा सकते हैं। जिससे कि समय पर बिजली बिल और अन्य सूचनाएं मिल सकें। मेगा कैंपों में स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण, गलत बिलों का संशोधन, बिल रिवीजन, 1912 शिकायतों का समाधान और मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी।

**○52 शिकायतों का समाधान हुआ**

साथ ही उपभोक्ताओं को यू पी पी सी एल स्मार्ट ऐप और स्मार्ट मीटर के उपयोग से जुड़ी जानकारी व जागरूकता भी दी जाएगी। बिजली निगम ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देते हुए 30 अप्रैल 2026 तक के बकाया भुगतान के लिए 10 किस्तों की सुविधा देने का निर्णय लिया है, जबकि अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को तीन किस्तों (40 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 30 प्रतिशत) में भुगतान की सुविधा मिलेगी। विभाग के अनुसार 15 मई को आयोजित मेगा कैंप में ही 52 नंव शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली।

# शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्ता पूर्ण करें समाधान: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने के निर्देश गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश दिए।

तहसील सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें और शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग

**○ डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं**

से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील सम्भल में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।



सम्भल। सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं का समाधान करते डीएम व एसपी।

## ई-रिक्शा चालक को किया लहूलुहान

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** शनिवार को हयात नगर थाना क्षेत्र की उपनगरी सराय तरीन के मौ. फेलबाग निवासी अतमस किराये का ई रिक्शा लेकर गया था। आरोप है कि तेजराम की कोठी के निकट तीन चार युवकों ने उसे घेर लिया और लाठी डंडों व सरिया आदि से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी पहुंच गए। पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया।

# सम्भल हिंसा: पूर्व चर्चित सीओ के वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बयान दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○हिंसा में चार की गोली लगने से हुई थी मौत**

**○हिंसा के मास्टर माइंड शारिक साठा गिरोह के दो सदस्यों समेत पचास पर दायर की गई थी चार्जशीट**

**○जिला न्यायाधीश की अदालत में चल रही है सुनवाई**

**सम्भल।** हिंसा मामले में गवाह चर्चित पूर्व सी ओ की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये गवाही हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने डेढ़ सौ सवाल पूछे जिस पर दोनों के अधिवक्ताओं के बीच तीखी बहस हुई।

विगत वर्ष शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सुबह-सवेरे वकील कमीशन के दौरान हिंसा भड़क गयी थी। जिसमें चार की गोली लगने से मौत हो गयी थी। हिंसा में चार की मौत पर तत्कालीन सी ओ अनुज चौधरी काफी चर्चित रहे थे। जबकि पुलिस ने दुबई में बैठे हिंसा के मास्टर माइंड शारिक साठा गैंग के मुल्ला अफरोज और गुलाम समेत पचास के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दसाखिल की गयी थी। इसके अलावा मामले में शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली और सांसद जियाउर्रहमान बर्क को भी आरोपी बनाया गया है। उक्त मामले में अदालत में चल रहे ट्रायल के दौरान गवाही चल रही है। शनिवार को हिंसा में गवाह पूर्व चर्चित सीओ व फिरोज़ाबाद में एएसपी अनुज चौधरी की गवाही वीडियो कान्फ्रेंसिंग के ज़रिये की गई। आरोपी मुल्ला अफरोज के अधिवक्ता मौहम्मद आसिफ अख्तर ने दावा किया कि चारों लोगों की मौत पुलिस फायरिंग से हुई थी, न कि भीड़ द्वारा आपसी फायरिंग में। उन्होंने बताया कि शुरुआती पुलिस एफआईआर में कहीं भी यह उल्लेख नहीं था कि भीड़ ने एक-दूसरे पर गोली चलाई थी। बाद में पुलिस ने अपने बचाव के लिए दूसरी तरफ से एफआईआर दर्ज कराई। अधिवक्ता के अनुसार, उनकी तरफ से कई पन्नों की जिरह की गई और सुबह 11 बजे से करीब एक बजे तक लगातार सवाल पूछे गए। वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने कहा कि अनुज चौधरी ने हर सवाल का तथ्यात्मक जवाब दिया और विपक्ष की उलझाने की कोशिश नाकाम रही। उन्होंने बताया कि लगभग 150 सवाल पूछे गए, जिनमें हथियारों और गोलियों से जुड़े तकनीकी प्रश्न भी शामिल थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, पुलिस ने घटना के दौरान किसी प्रकार की सीधी गोलीबारी नहीं की थी, बल्कि केवल पंप गन और रबर बुलेट का इस्तेमाल किया गया। अनुज चौधरी ने कोर्ट में बताया कि उनके पास 9 एमएम पिस्टल थी, जबकि हमराह के पास के -47 और पंप गन मौजूद थी। माननीय जनपद न्यायाधीश की अदालत में चली इस सुनवाई के दौरान कई सवालों पर आपत्तियां भी उठीं। फिलहाल अगली तारीख अदालत द्वारा बाद में तय की जाएगी।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-पति की दीर्घायु को वट वृक्ष की पूजा करती सुहागिन महिलाएं।

## वट वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** वट सावित्री व्रत पर्व पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की। यह व्रत महान पौराणिक स्त्री सावित्री की ईश्वर के प्रति निष्ठा ,अनूठे बुद्धि कौशल ,पतिव्रत धर्म की अद्भुत शक्ति का परिचायक है। पण्डित सत्यम मिश्रा ने बताया कि व्रत से जुड़ी सावित्री सत्यवान की कथा सब भली भांति जानते हैं। सावित्री की उस महाविजय के उपलक्ष्य में प्राचीन काल से भारत की सुहागन स्त्रियां पति की दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य के लिए जेष्ठ कृष्ण अमावस्या को वट सावित्री का व्रत पूजन करती आ रही हैं। ऐसी मान्यता है कि समूची सृष्टि में वट वृक्ष ही एकमात्र ऐसा पेड़ है। जिसमें त्रिदेवों यानी ब्रह्मा विष्णु महेश की समन्वित शक्ति निहित मानी जाती है ।वृक्षों व वनस्पतियों के प्रति गहरी श्रृद्धा भारतीय संस्कृति की अति प्राचीन व लोकहितकारी परंपरा है। प्राणी जीवन में वृक्षों के योगदान के चलते ही इन्हें जीवंत देव माना जाता है। महा सती सावित्री ने वटवृक्ष के नीचे ही मृत्यु के देवता यमराज से अपने मृत पति के लिए पुनर्जीवन हासिल किया था ।तभी से वटवृक्ष हिंदू समाज में देव वृक्ष के रूप में पूज्य हो गया है। हमारी संस्कृति में वृक्षों को जीवंत देवताओं की संज्ञा दी गई है। महिलाओं ने घरों में वट वृक्ष की टहनी रखकर व वट वृक्ष पर जाकर पूजा अर्चना पर अपने पति की दीर्घ आयु की कामना की।

## परिक्रमा मार्ग पर निर्माण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण किया और मानचित्र का अवलोकन कर लोनिवि अधिशासी अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

24 कौसीय तीर्थ परिक्रमा मार्ग का पर्यटन विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी को लेकर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व पुलिस अधीक्षक ने 68 तीर्थों में से एक कमलपुर सराय बैनीपुर चक श्रीवंश गोपाल तीर्थ पहुँच कर 24 कोशीय परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य का भ्रमण किया। जबकि परिक्रमा मार्ग के मानचित्र का अवलोकन किया तथा अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्रीवंश गोपाल तीर्थ में पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल, अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग सुनील प्रकाश तथा तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह तथा खण्ड विकास अधिकारी सम्भल प्रेमपाल सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आत्म रक्षा प्रशिक्षण की शुरुआत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** शक्ति सेवा पथ फाउंडेशन एवं जायंट्स ग्रुप ऑफ सिटी ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण के द्वारा तलवार, डंडे ,चाकू ,अन्य दावपेच आदि चलाना सिखाना के लिए ब्रज रतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कालेज पहले दिन सीखाने की शुरुआत की गई।

## हाईटेंशन लाइन का तार टूटा हादसा टला

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर एक हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिर गया। यह घटना डिग्री कालेज के पास हुई। एक बंदर के तार पर कूदने के कारण यह हादसा टला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

गनीमत रही कि जिस समय तार हाईवे पर गिरा, उस दौरान हाईवे से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। लोगों ने बताया कि बंदर के अचानक हाईटेंशन लाइन पर छलांग लगाने से तार टूटकर नेशनल हाईवे पर आ गिरा। तार गिरते ही सड़क पर तेज चिंगारियां उठने लगीं, जिससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में हड़कंप मच गया। सुरक्षा कारणों से कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। इस घटना के तुरंत बाद इलाके की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बंदर गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों ने घायल बंदर को बचाने का प्रयास किया। उन्होंने उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर होश में लाने की कोशिश की। विद्युत विभाग के एसडीओ दिनकर भाई पटेल ने बताया कि तार को ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पुराने तारों को बदलवाया जाएगा।

## पीएम की अपील पर पुराने सोने के उपयोग को बढ़ावा देने पर ज़ोर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सोने के आयात को कम करने की अपील पर डीएम एसपी ने सर्राफा कारोबारियों की बैठक ली। बैठक में पुराने सोने की रिसाईकिलिंग एवं रीडिजायन करने और पुराने सोने के उपयोग को बढ़ावा दिया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में पुराने सोने की रिसाइकिल एवं रीडिजायन करने पर चर्चा की गयी। जबकि सर्राफा कारोबारियों से वर्तमान परिस्थितियों में आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान के सुझाव मांगे गए। एक कारोबारी द्वारा पुरानी ज्वैलरी से नयी ज्वैलरी तैयार करने पर टैक्स को लेकर चर्चा की जिस पर उपायुक्त जीएसटी ने कहा कि जो प्रक्रिया पहले से चली आ रही है उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। डीएम ने ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने तथा राष्ट्र हित में बुलियन (24 कैरेट खरा सोना) बार सोने की ईंट की खरीद को कुछ समय के लिए टालने की अपील की।


**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मोहम्मद फहीम व उसकी पत्नी जाफरी बेगम गलत संगत में पड़ गये हैं। मैने उन्हे काफी समझाया परन्तु वह गलत कार्य छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इसलिए मैने अपने पुत्र मोहम्मद फहीम व उसकी पत्नी जाफरी बेगम को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और पूर्ण रूप से उनसे सम्बंध विच्छेद कर लिये है। अब मोहम्मद फहीम व जाफरी बेगम अपने कोई भी कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे मैं व मेरे परिवार के सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**रफीक अहमद पुत्र जमील**
नि. ग्राम रूकनुददीन सराय तह. व जिला सम्भल।



# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल

पत्र संख्या:-662/स्वा.वि./2026-27 दिनांक :- 15.05.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, सम्भल के स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य वित्त/बोर्ड फण्ड से कार्य किये जाने हैं। वर्णित क्रम में कार्य को करने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। अनुभवी इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 22.05.26 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा क्रय कर सकते हैं। निविदायें निविदा बॉक्स में दिनांक:- 23.05.26 को समय अपरान्ह 04:30 बजे तक डाली जायेगी। जो दिनांक 23.05.2026 को अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी महोदय, स्थानीय निकाय, सम्भल के समक्ष सायं 05:00 बजे तक खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि (लाख में) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईद-उल-जुहा (बकरीद) हेतु 37 ट्रैक्टर-ट्रालियां (डीजल व ड्राइवर सहित) 300 मीटर पन्नी (त्रिशूल), 50 कटअे फॉलीडाल, हैण्ड ग्लब्स (दास्ताने) 400 जोड़ी, 800 नग मास्क एवं 80 नग तिरपाल की आपूर्ति का कार्य। | 975.000 | 19.500 | 1000 | 3 दिन |

निविदा डालने की शर्तें:- निविदा के साथ निम्नलिखित पठनीय अभिलेख/प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य हैं। अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

1. निविदा मूल्य जमा करने का साक्ष्य।
2. जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र।
3. जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र।
4. जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र।
5. ई पी एफ पंजीकरण प्रमाण पत्र।
6. ठेकेदार/फर्म/निविदादाता का पैन कार्ड आधार कार्ड।
7. श्रम विभाग का पंजीकरण प्रमाण पत्र।
8. आगणन धनराशि का 02 प्रतिशत जमानत धनराशि निम्नलिखित विवरण के अनुसार जमा कर जमा करने की बैंक रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। जमानत धनराशि प्रत्येक निविदा अलग-अलग जमा करनी होगी।

| बैंक का नाम | खाता संख्या | आई. एफ. एस. सी. कोड |
|---|---|---|
| भारतीय स्टेट बैंक, सम्भल | 39736436769 | SBIN0000711 |

9. निविदादाता/ठेकेदार का 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटरी शपथ पत्र इस आशय का प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्व कोई आपराधिक मुकदमा पंजीकृत नहीं है तथा उसे किसी भी मा. न्यायालय से दण्डित नहीं किया गया है।
10. 10 रूपये के स्टाम्प पर उपरोक्त (बिन्दु 01 से 09 तक) सभी तथ्य/अभिलेख सत्य होने सम्बन्धी नोटरी शपथ पत्र।
11. उपरोक्त बिन्दु संख्या 01 से लेकर 10 तक के सभी अभिलेख सत्य होने सम्बन्धी करना अनिवार्य है।

निविदा की अन्य शर्तें:-

1. सभी कार्यों की निविदा पुथक-प्रथक देनी होगी।
2. निविदा प्रपत्र में देरी का उल्लेख स्पष्ट रूप से करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा के सीलबन्द लिफाफे पर कार्य/आपूर्ति का विवरण लिखना अनिवार्य होगा। इसके अलावा फर्म/ठेकेदार/निविदादाता का पत्राचार का पता,मोबाइल नम्बर, जी.एस.टी. नम्बर लिखना होगा।
4. अधूरी एवं सशर्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. कार्य का विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है, एवं शेष कोई भी जानकारी नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।
6. स्वास्थ्य विभाग के कार्यों में निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबन्ध से पूर्व पंजीकरण नगर पालिका में कराना अनिवार्य होगा।
7. विभागीय दरों में कम निविदा आने पर नियमानुसार परफॉरमेन्स गारन्टी ली जायेगी।

कार्यों की शर्तें:-

1. निविदा स्वीकृति के उपरान्त अनुबन्ध से पूर्व शेष आगधन का 08 प्रतिशत धनराशि की एन.एस.सी. /एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, सम्भल के पक्ष में बन्धक जमा करनी होगी।
2. जमानत धनराशि कार्य समाप्ति के एक वर्ष बाद वापिस होगी।
3. कार्य/आपूर्ति सन्तोषजनक न होने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. जी.एस.टी./आयकर/ई.पी.एफ. इत्यादि जमा करने की जिम्मेदारी नियमानुसार निविदादाता ठेकेदार की होगी।
5. कार्य/आपूर्ति से पूर्व सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म/निविदादाता को पालिका से निर्धरित स्टाम्प पर नियमानुसार अनुबन्ध करना होगा।
6. कार्य/आपूर्ति सन्तोषजनक/गुणवत्ता ठीक होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
7. कार्य/आपूर्ति की समस्त गारन्टी 01 वर्ष की सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार/निविदादाता की होगी।
8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगी।
9. न्यायिक क्षेत्र सम्भल होगा।
10. समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करना होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सम्भल।

## पृथ्वी को बचाए पेड़ लगाए के तहत कला प्रतियोगिता का आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )।** उच्च प्राथमिक विद्यालय गढी में शनिवार को मीना मंच के तहत इको क्लब गतिविधि का समावेश किया गया। इस गति. विधि को ईसीओ क्लब और मीना मंच इंचार्ज दीपिका गुप्ता नें ष्पृथ्वी को बचाये आओ पेड़ लगाए ष्के तहत ड्राइंग कम्पटीशन रखा और पुरानी कला वरली आर्ट के बारे में जानकारी दी।जुबैर अहमद नें आईसीटी की क्लास में जैव विविधता के बारे में बताया। कार्यक्रम में कुमारी नूतन और सविता भारती ने सहयोग कियास प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को प्रधानाध्यापिका अजमा नाज ने पुरस्कार देकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

## सीडीओ ने किया पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण



**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्य विकास अधिकारी मुरादाबाद ने आज कांठ में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए। बताया गया कि निरीक्षण में विद्यालय का स्टाफ मौजूद पाया गया जबकि सहायक अध्यापक अवकाश व अर्जित अवकाश पर मिले। विद्यालय की समस्त कक्षाओं में उन्होंने पठन-पाठन की विस्तार से जानकारी ली साफ सफाई पर फोकस किया स्कूल की सफाई को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देश दिए और प्रधान अध्यापक से कहा कि स्कूल में सफाई व्यवस्था हेतु एडीओ पंचायत से बात करें उन्होंने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के भी निर्देश दिए इसके साथ-साथ विद्यालय परिसर में नवनिर्मित मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का भी उन्होंने निरीक्षण किया जिसे पूर्ण करने के उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में संचालित आईसीटी लैब को देखा और उसके कुशल संचालन के निर्देश प्रधान अध्यापक को दिए निपुण प्लस एप पर नामांकित समस्त छात्रों का नियमित असेसमेंट कराए जाने के लिए उन्होंने निर्देशित किया।

## तहसील समाधान दिवस में आई 60 शिकायतों में पांच का मौके पर निस्तारण




**कांठ ( शाह टाइम्स )** एसडीम संत दास पवार की अध्यक्षता में आज तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 60 लोगों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराई इनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया और बाकी 55 शिकायतो को एक सप्ताह में निस्तारित करने के उन्होंने निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए और शिकायतकर्ताओं को फोन करके उन शिकायतो का फीडबैक भी लिया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर नायब तहसीलदार योगेश शर्मा एसडीओ विद्युत लेखपाल कानून गो एवं अन्य विभागों के अधिकारी या प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ट्रक से टकराई कार में बैठे कई लोग घायल अज्ञात ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** बीच सड़क में खड़े ट्रक से कार टकरा गई जिसमें बैठे कई लोग घायल हो गए शिकायत मिलने पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुरादाबाद के मझोला निवासी चंद कुमार पुत्र शंकर सिंह का कहना था कि 14 मई की रात को उसका पुत्र परविंदर सैनी अपने दोस्त सानू वरुण व मानव के साथ चांदपुर से अपने घर को जा रहे थे जैसे ही अलीपुरा खालसा के पास पहुंचे आगे जा रहे ट्रक के ड्राइवर ने बिना इंडिकेटर या बैक लाइट जलाएं ट्रक रोक दिया जिससे उनकी गाड़ी ट्रक में लग गई उसमें तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए कार भी क्षतिग्रस्त हुई ट्रक का चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया घायलों को कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां आईसीयू में उनका आज भी इलाज चल रहा है पीड़ित थाने पहुंचा और अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## द मिल्लत स्कूल में ओरिएंटेशन एवं मदर्स डे का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** द मिल्लत स्कूल में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु ओरिएंटेशन डे का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमे मदर्स डे भी मनाया गया, विद्यार्थियों की माताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया। विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन एवं विभिन्न सुविधाओं के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी गई। मदर्स डे के उपलक्ष्य में माताओं के लिए कई मनोरंजक एवं रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता माताओं को विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच विद्यालय के प्रति विश्वास और आत्मीयता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## गन्ने की फसल नष्ट करने और धमकी देने के मामले में पुलिस से की शिकायत

**भोजपुर।** मुरादाबाद कोना मुगलपुरा कुली खां का इमामबाड़ा निवासी खालिद पुत्र अब्दुल जहीर ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में कहा है। कि गांव रूपपुर बहादुरपुर में मेरे पिताजी ने 2025 में 9 बीघा जमीन खरीदी थी। 24 अप्रैल को रईस पुत्र प्यारे निवासी गांव इस्लामनगर और नवाब उर्फ पायने पुत्र नामालूम निवासी गांव लालूवाला ने खेत में खड़ी गन्ने की आधी फसल को जोतकर नष्ट कर दी है। जब मैंने उनसे पूछा तो गाली गलौज करने लगे और धमकी दी की अगर तूने या तेरे पिता ने हमारी शिकायत पुलिस में करी तो हम तुझे और तेरे पिता को जान से मार देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कटघर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: गोकशी का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर पुलिस ने गौकशी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कार्रवाई शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार 7 मई की रात डियर पार्क अंडरपास के नीचे गौवंशीय अवशेष मिलने के बाद थाना कटघर में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के लिए गठित टीम प्रभारी निरीक्षक कटघर के नेतृत्व में लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने रफातपुर अंडरपास के पास चे. कंग अभियान चलाया।चेकिंग के दौरान पुलिस का सामना गौकशी के वांछित आरोपी मुरसलीन पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मुढ़ापांडे से हुआ। पुलिस के



अनुसार आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जिसके जवाब में हुई मुठभेड़ में वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल के रास्ते फरार हो गया। घायल आरोपी को उपचार के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, 330 रुपये नकद तथा मीट काटने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। बरामद सामान में प्लास्टिक के कट्टे, छुरियां, कुल्हाड़ी, लकड़ी का गुटका और रस्सियां शामिल हैं। इसके अलावा बिना नंबर की काले रंग की स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।इस संबंध में थाना कटघर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

## विद्युत संविदाकर्मी की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम सफीलपुर फीडर पर तैनात विद्युत संविदा कर्मी की अचानक मृत्यु से परिजनों में हड़कंप मच गया। शनिवार की सुबह प्रतिदिन की तरह पिपली निवासी महेंद्र पाल पुत्र श्री स्वर्गीय ऊदल सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष सफीलपुर फीडर पर ड्यूटी करने पहुंचा। परिजनों द्वारा बताया गया कि सुबह लगभग 10:30 बजे सफीलपुर फीडर से फोन आया कि महेंद्र पाल सफीलपुर बिजली घर के पीछे एक खेत में पड़े हैं। बताया जाता है कि मौके पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में बिलारी नगर स्थित सीएससी केंद्र पर ले आए जहां डॉक्टर ने महेंद्र पाल को मृतक घोषित कर दिया। बताया जाता है कि घटना लगभग 10:00 बजे की है।बताया जाता है कि महेंद्र पाल लंबे समय से सफीलपुर फीडर पर विद्युत विभाग में संविदा कर्मी के पद पर कार्यरत था। बताया जाता है कि मृतक महेंद्र पाल की पत्नी राम स्नेही इनके पास पांच बच्चे हैं जिन तीन पुत्र तथा दो पत्रिया है। बताया गया कि सबसे बड़े पुत्र उमेश और



एक पुत्री भावना की शादी हो चुकी है जबकि दो पुत्र और एक पुत्री अविवा. हित है। बताया जाता है कि मृतक महेंद्र पाल के पास लगभग 8 बीघा भूमि खेती की है। परिजनों का आरोप है कि विद्युत संविदा कर्मी महेंद्र पाल की सफीलपुर फीडर पर तैनात जेई का कहना है कि महेंद्र पाल की मृत्यु हार्ट अटैक से हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर मृतक को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

जानकारों का मानना है कि महेंद्र पाल की मृत्यु करंट से हुई है या हार्ट अटैक से यह तो पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## शादी के तीन महीने बाद नवविवाहिता ने फांसी लगा कर दी जान, पति को पुलिस ने लिया हिरासत में



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सेहल में शनिवार सुबह एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार दीपिका पत्नी धर्मेंद्र की शादी इसी वर्ष 4 फरवरी को गांव सेहल निवासी धर्मेंद्र के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह करीब 9 बजे दीपिका ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई।परिजन आनन-फानन में दीपिका को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी जिला चिकित्सालय पहुंच गई और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका के परिजनों ने बताया कि दीपिका का मायका रामपुर जिले के थाना स्वार क्षेत्र के गांव राजा वाला में है। उनका आरोप है कि शादी के बाद से दीपिका मान. सिक तनाव में रहती थी। वहीं, मृतका का पति धर्मेंद्र एक गत्ता फैक्ट्री में काम करता है।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पति धर्मेंद्र को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## प्रधान संघ ने की प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** शनिवार को ब्लॉक सभागार में प्रधान संघ अध्यक्ष शानू लम्बरदार की अध्यक्षता में ब्लॉक क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधानो की बैठक आयोजित कर ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है,कि यातो ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जाए,या फिर समय से पंचायत चुनाव कराए जाए।

अगर चुनाव में विलंब हो तो वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया जाए, क्योकि ग्राम पंचायतो का कार्यकाल लगभग समाप्ति की ओर है।वर्तमान समय में ग्राम पंचायतों द्वारा अनेक विकास कार्य, जन कल्याण कारी योजनाएं एवं ग्रामीण समस्याओं का समाधान निरंतर किया जा रहा है। यदि पंचायत चुनाव समय से नहीं कराए जाते हैं तो ग्राम पंचायतों के कार्य प्रभावित होने की संभावना बन सकती है, जिससे ग्रामीण जनता को असुविधा होगी, ग्राम पंचायतों के सुचारु संचालन एवं विकास कार्यों की निरनता बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायतों का कार्यकाल कुछ समय के लिए बढ़ाया जाए, अगर किसी कारणवश पंचायत चुनाव समय से नहीं हो पाते हैं, तो वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही ग्राम पंचायत का प्रशासक नियुक्त किया जाए।

ताकि विकास कार्य एवं सरकारी योजनाएं बाधित न हो प्रधान, एडव फिरासत अली, फारूक पाशा,उस्मान अली, शबनम रजा,सलीम, नूरहसन, रामभरोसे सिंह, फिरोज अली, अकरम, अफरोज अली, गोविन्द सैनी,आदि प्रधानो ने बताया कि आज इस संबंध में एक ज्ञापन हमारे द्वारा क्षेत्रीय विधायक ठाव रामवीर सिंह को दिया है, जल्द ही ग्राम प्रधान बड़े पैमाने पर प्रधान संघ बेनर तले लखनऊ पहुँच कर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय लेकर मुलाकात कर अपनी बात रखेगे।



## जमीन के पैसों को लेकर पिता-पुत्र में विवाद, पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा। कोतवाली पुलिस ने शांति भंग की आशंका के चलते एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ बीएनएसएस की धाराओं में कार्रवाई की है। मामला जमीन बिक्री के पैसों को लेकर पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद से जुड़ा बताया गया है। पुलिस के अनुसार उपनि. रीक्षक तेजपाल सिंह मय पुलिस बल के क्षेत्र में गश्त और शांति व्यवस्था ड्यूटी पर थे। इसी दौरान पुलिस टीम ग्राम पंडितपुर पहुंची, जहां साकिर अहमद पुत्र शब्बीर अहमद अपने पिता से जमीन के बैनामे के बाद मिले पैसों को लेकर विवाद कर रहा था।

## महानगर में चलेगा बीमारी से पहले बचाव का बड़ा अभियान शहर के 70 वार्डों में लगाए जाएंगे स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम और सिद्ध मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शहरवा. सियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए "स्वास्थ्य सुरक्षा यात्रा" अभियान की शुरुआत 18 मई से होने जा रही है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल की पहल पर शुरू हो रहे इस अभियान के तहत शहर के सभी 70 वार्डों में लगातार 70 दिनों तक स्वास्थ्य शि. विर लगाए जाएंगे। शनिवार को पीली कोठी स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में सिद्ध मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग मेहरोत्रा तथा अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह मौजूद रहे।अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को बीमारियों से पहले जागरूक कर समय रहते जांच और उपचार उपलब्ध कराना है। शिविरों में बीपी, शुगर, ईसीजी, बेसिक पैथोलॉजी जांच, हृदय रोग जोखिम पहचान और फेफड़ों से जुड़ी बीमा. रियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। साथ ही नागरिकों को "रिस्क असेसमेंट स्कोर" भी दिया जाएगा, जिससे वे अपने स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को आसानी से समझ सकें।इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता सिद्ध हॉस्पिटल की "एनसीडी प्रिवेंशन वैन" होगी, जो अस्पताल ऑन व्हील्स के रूप में सीधे वार्डों, मोहल्लों और बस्तियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएगी। डॉक्टरों के अनुसार डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, स्ट्रोक और किडनी जैसी बीमारियां धीरे-धीरे बढ़ती हैं और समय पर जांच होने पर गंभीर खतरे को काफी हद तक रोका जा सकता है।डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि "70 दिन, 70 वार्ड और 1 मिशन" केवल एक अभियान नहीं बल्कि मुरादाबाद में चतमअमदजपवद-समक ीमंसजी. बंतम उवकमस की शुरुआत है, जो भविष्य में अन्य शहरों के लिए भी मिसाल बन सकता है।

## विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने 33/11 केवी उपकेंद्र का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** कार्यालय भदासना से पांच किलोमीटर साइकिल चलाकर पहुंचे कुंदरकी विधायक ने लगभग 2 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र दलपतपुर का शनिवार को विधिवत शुभारंभ किया गया,कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह एवं एसडीओ आर एन राठौर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन कर फीता काटकर इसका उद्घाटन किया,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा,उन्होंने इसे किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के जीवन में नई ऊर्जा लाने वाला बताया,कहा कि गांव-गांव तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना ही सच्चे अर्थों में विकास की मुख्य धारा है, और यह परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है,क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि इस उपक. ेंद्र के चालू होने से चार फीडरों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति होगी,इससे कारीतीन, बोदरवार, परतावल सहित आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को सुगम और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिलेगी, उन्होंने कहा कि पूर्व में बिजली की समस्या आम थी, जबकि वर्तमान सरकार में गांव-गांव तक बिजली पहुंचाई जा रही है,यह विद्युत उपकेंद्र लगभग 3 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित है,कार्यक्रम का संचालन मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख डाक्टर नवदीप यादव ने किया, इस अवसर समरपाल सिंह अवर अभियंता, मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया मुरादाबाद, गुलशन गोयल अधिक्षण अभियंता, अरुण कुमार अधिशासी अभियंता संतोष कुमार राजेश आदि मौजूद रहे।





**न्यायालय श्रीमान अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम महोदय मुरादाबाद।**
**वाद संख्या :** 31263/2025
**तारीख पेशी:** 18.05.2026
**धारा**-116 यू.पी.आर.सी. 2026
**ग्राम सिरसवां गौड तह. मुरादाबदा**

अनीस अहमद पुत्र अहमद हुसैन निवासी ग्राम डूंगरपुर थाना भगतपुर तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

2. बब्बन, 3. जाकिर हुसैन, 4. नाजिम हुसैन, 5. सनीफ अहमद पुत्रगण स्व० श्री अहमद हुसैन, 6. श्रीमती नाजमा बेगम पत्नी रईस अहमद, समस्त निवासीगण ग्राम डूंगरपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 7. अब्दुल हसन पुत्र बीजन, 8. श्रीमती अन्जुम खातून पत्नी इफतेखार चौधरी उर्फ इफतेखार हुसैन, 9. श्रीमती असमत आरा पत्नी इंतजार, 10. श्रीमती बब्बो बेगम पत्नी मौ० तसलीम, 11. श्रीमती निलम जहां पत्नी सदाकत, 12. श्रीमती जेरा पत्नी शराफत हुसैन, 13. फिरासत अली पुत्र फिदा हुसैन, 14. श्रीमती अनीता देवी पत्नी परवीन सिंह, 15. नौशाद अली पुत्र नौशे अली, 16. नामे अली पुत्र अजमद अली, 17. दिलशाद हुसैन पुत्र सयय्द अली, 18. मौ० मुस्तफा पुत्र मौ० इस्लाम, 19. श्रीमती मुनीजा पत्नी हारून, 20. नौशेर अली पुत्र नौशे अली समस्त निवासीगण ग्राम-सिरसवॉ गौड तह0 व जिला मुरादाबाद। **प्रतिवादीगण।** चूंकि उपर्रिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि धारा-116 यू.पी.आर. सी. 2026 अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 05 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 15 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम,**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र संजीव कुमार व पुत्रवधू श्रीमती किरन कुमारी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य मे इनके द्वारा किए गए किसी भी कुकृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। जयपाल सिंह पुत्र भोला सिंह व श्रीमती माया देवी पत्नी जयपाल सिंह निवासीगण ग्राम मझोली खास तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।
मो. नं0 7556865416

**न्यायालय श्रीमान अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम महोदय मुरादाबाद।**
**वाद संख्या :** 1592/2025
**तारीख पेशी:** 18.05.2026
**धारा**-116 यू.पी.आर.सी. 2026
**ग्राम ऊदावाला तहसील मुरादाबाद**

1. श्याम सिंह, 2. राम सिंह, 3. कर्मवीर सिंह पुत्रगण स्व. श्री गजराम सिंह, 4. श्रीमती विनोद पत्नी कर्मवीर सिंह, 5. शीशपाल सिंह पुत्री राम सिंह समस्त निवासीगण ग्राम ऊदावाला तह. व जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**

**बनाम**

1. अमलेश देवी पत्नी सत्यवीर सिंह, 2. रवि कुमार पुत्र सत्यवीर सिंह, 3. राकेन्द्र कुमार पुत्र सत्यवीर सिंह समस्त निवासीगण ग्राम भगतपुर टांडा तहसील व जिला मुरादाबाद-प्रतिवादी गण। चूंकि उपर्रिनामांकित **वादीगण** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि धारा-116 यू.पी. आर.सी. 2026 अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 05 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 15 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम,**
**जनपद-मुरादाबाद।**

## समर वैली स्कूल में ताइक्वांडो चैंपियनशिप का भव्य आगाज, 800 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**मुरादाबाद।** समर वैली स्कूल में आयोजित समर कैंप ताइक्वांडो चौंपियनशिप का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में मुरादाबाद सहित आसपास के कई जिलों से आए लगभग 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों शतानंद शर्मा, विशाल उपाध्याय एवं शहवेज अली ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।चौंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने ताइक्वांडो की तकनीकों और आत्मरक्षा कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना विकसित करना है।मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ताइक्वांडो केवल एक खेल नहीं बल्कि आत्मरक्षा और मानसिक मजबूती का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बच्चों को नियमित अभ्यास और अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिभावकों से भी बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की अपील की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के लिए विशेष सुरक्षा और व्यवस्थाओं का ध्यान रखा गया। स्कूल प्रबंधन एवं प्रशिक्षकों ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किए जाने की घोषणा भी की गई।

## बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में आकाश और मलखान के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में गांव मिलक अमाव.ती निवासी महिला ने कहा है कि 14 मई को लगभग पांच बजे आकाश मेरी नाबालिक बेटी को फोन करके घर से बाहर बुलाया, बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। मेरी बेटी घर से एक लाख रुपए नगद एवं तीन सोने की, दो चांदी की चीजें लेकर गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## दो गांव के किसानों के दर्जनों निजी पॉरिंगो को विद्युत आपूर्ति न होने से गन्ने व चारे की फसल सूखने की कगार पर

**ठाकुरद्वारा।** गाव गोपीवाला मे आज 20 किसानो ने उनके जंगल की समरसी पर 15 दिन से बिजली नही जा रही किसानो की गन्ने ब हरे चारे की फसल सूकने के कगार पर खड़ी है किसानो ने बताया की कई बार लाईन मैन से फेस जोड़ने को कहा लेकिन फेस जोड़कर नही जाता है आज किसान होरी सिह ने जेई से भी फालट सही व फेस जूड़वाने की मांग की किसानो ने प्रदर्शन कर निर्मलुपर व गोपीवाला के जंगल के किसानो ने बिजली चालू करने की मांग की प्रदर्शन मे होरी सिह , राजवीर सिंह , कूलदीप सिह , सरदार सिह , जसपाल सिह , हरी सिह , नरेन्द्र सिंह , गोपाल सिह , हरपेन्द्र सिह आदि निर्मलपुर जंगल के समरसी के किसान , अर्जुन सिह , अवधेश कुमार , मदन सिंह , प्रमोद सिह नरेन्द्र सिह , राजपाल सिह , अतर सिह , रामपालसिह , बाबू सिह , आदिगोपीवाला के किसान होरी शिसह , सुरेन्द सिह , अनुज कुमार , कुलदीप कुमार , सुरेन्द्र प्रताप , अरविन्द कुमार आदि इन किसानो की जंगल की समरसी पर 15 दिन से बिजली नही9 आ रही।


## गलत और अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना नागरिकों का अधिकार: नरेश राघव

चन्दौसी। सर्व धर्म सामाजिक संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में गलत, अन्यायपूर्ण एवं दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना कोई अपराध नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यवस्था या निर्णय सार्वजनिक हित में नहीं है अथवा किसी की प्रतिष्ठा को गलत मंशा से नुकसान पहुंचाता है, तो उसे कानून के दायरे में चुनौती दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि गलत के सामने झुकना भय और अन्याय को बढ़ावा देता है, जबकि उसके खिलाफ आवाज उठाना समाज को जागरूक करने के साथ न्याय व्यवस्था को भी मजबूत करता है। जब सच को दबाने का प्रयास किया जाए, तब उसके विरोध में खड़ा होना साहस और जिम्मेदारी का प्रतीक होता है। नरेश राघव ने कहा कि नागरिकों को अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए निडर होकर अन्याय का विरोध करना चाहिए, क्योंकि एक न्यायपूर्ण और जागरूक समाज के निर्माण के लिए यह अत्यंत आवश्यक है।

# तीन दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल मजदूर की सुबह उपचार के दौरान मौत

### सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने मारी थी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल मजदूर की शनिवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव लधुपुर निवासी स्वराज पुत्र किशन लाल तीन दिन पूर्व गांव महमदपुर से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में स्वराज गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परि.जनों ने उन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। स्वराज मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा हैं। पिता की मौत के बाद बच्चों के सिर से भी सहारा उठ गया है। वहीं मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भाकियू टिकैत की किसान पंचायत में उठीं नहर, बिजली और खाद की समस्याएं

**चन्दौसी।** बहजोई ब्लॉक के ग्राम श्योराजपुर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सदस्यता अभियान एवं किसान-मजदूर संवाद पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। किसानों ने नहर विभाग की मनमानी, बिजली समस्या, चकबंदी, पुलिस उत्पीड़न तथा यूरिया खाद की समुचित उपलब्धता न होने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। समस्याओं का समाधान न होने पर जिला मुख्यालय पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजेइसके बाद जिले की मासिक पंचायत कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। पंचायत में 15 से 18 जून तक हरिद्वार के वीआईपी घाट पर आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर में जिले की समस्याएं उठाने तथा विशाल भंडारे के आयोजन का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रपाल सिंह यादव एवं संचालन तहसील अध्यक्ष महेश यादव ने किया। पंचायत में बड़ी संख्या में किसान एवं भाकियू पदाधिकारी मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श केंद्र में छह परिवारों का कराया गया समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक थाना प्रभारी डॉ. रूकमपाल सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन बहजोई में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवादों को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग के दौरान कुल 74 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 20 मामलों का निस्तारण किया गया। आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर छह परिवारों को पुन: साथ रहने के लिए राजी कराया गया। वहीं चार मामलों में विधिक कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की गई। इसके अलावा 10 पत्रावलियां आवेदक अथवा आवेदिका के काउंसलिंग में उपस्थित न होने एवं मामले में रुचि न दिखाने के कारण बंद कर दी गई। बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबिता शर्मा, कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत एवं महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की जानकारी की, तो मारपीट कर किया घायल महिलाओं सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना छजलैट क्षेत्र के गांव अकबरपुर सिंहाली निवासी हिमांशु का कहना था की उसके पास दो बेटे हैं 4 मई को गांव के रोमिश के लग्न का कार्यक्रम चल रहा था वह भी इस लग्न में शामिल था जानकारी मिली के उसकी पत्नी व पुत्र को गांव का एक व्यक्ति ले जा रहा था गांव के लोगों ने बताया कि उन्होंने उसे ले जाने के बारे में पूछा तो कहा की दवाई लेने जा रहे हैं। इस बात से संतुष्ट होकर वह अपने घर आ गया लेकिन पत्नी जब शाम तक नहीं आई तो वह आरोपी विनीत कुमार यादव के घर पहुंच गया जहां पर उसके घर के लोग मौजूद थे उसने पत्नी के बारे में जानकारी मांगी तो उन्होंने कोई सही जवाब नहीं दिया। पीड़ित थाने पहुंचा और इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया तो उत्त लोग महिलाओं सहित उसके घर आ गए और उसे गालियां देते हुए मारपीट करते हुए घायल कर दिया। पीड़ित इस बात को लेकर थाने पहुंचा तो सुनवाई नहीं हुई उसने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई एसएसपी के आदेश से पुलिस ने महिलाओं सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### 45 दिन से लापता कुंदरकी निवासी अनीश का नहीं लगा कोई सुराग



**कुंदरकी।** अनीस के 45 दिनों से लापता होने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सबसे ज्यादा पीड़ा उनकी पत्नी झेल रही हैं, जो हर दिन अपने पति के लौट आने की उम्मीद में दरवाजे पर निगाहें टिकाए बैठी रहती हैं। आंखों में आंसू और दिल में बेचौनी लिए वह प्रशासन और समाज से मदद की गुहार लगा रही हैं। अनीस की पत्नी का कहना है कि उनके पति बिना किसी जानकारी के अचानक घर से लापता हो गए थे। जो रोजाना की तरह मुरादाबाद मजदूरी करने को कहकर घर से निकले थे शुरुआत में परिवार को उम्मीद थी कि वह जल्द वापस लौट आएंगे, लेकिन समय बीतने के साथ चिंता और बढ़ती चली गई। परिवार ने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, मगर अब तक अनीस का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पति के गायब होने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब हो गई है। घर की जिम्मेदारी पूरी तरह उनकी पत्नी के कंधों पर आ गई है। बच्चों की परवरिश, घर का खर्च और पति की चिंता ने उन्हें मानसिक रूप से बेहद परेशान कर दिया है। वह कहती हैं कि हर रात इसी उम्मीद में गुजरती है कि शायद अगली सुबह कोई अच्छी खबर मिले। परिवार ने पुलिस प्रशासन से मामले में तेजी लाने और अनीस को जल्द खोजने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से गंभीरता दिखाने की अपील की है। अनीस की पत्नी की आंखों में आज भी उम्मीद बाकी है कि उनका पति सुरक्षित घर लौट आएगा और उनका परिवार फिर से सामान्य जीवन जी सकेगा। शनिवार को लापता अनीश की पत्नी ने पत्रकारों के सामने अपना दर्द बयां करते हुए मदद की गुहार लगाई और सभी पत्रकारों से अपील की है कि उसके पति की लापता होने की सूचना अखबार और सोशल मीडिया पर प्रसारित करें ताकि एक पत्नी को उसका पति बूढ़े बाप को बेटा और बच्चों को उनके पिता मिल सके।

### एसडीएम व सीओ ने सुनीं जनसमस्याएं

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी नीतू रानी एवं क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गईं। मौलागढ़ के प्रेमनगर निवासी मिंटू पुत्र इंदल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी पत्नी घर में रखी नकदी एवं बैंक पासबुक लेकर उसके मुंहबोले भतीजे के साथ चली गई है। उसने बताया कि पत्नी अपने दो बच्चों को घर पर छोड़ गई है। मामले में कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा एक फरियादी ने निविदा भुगतान कराए जाने की गुहार लगाई। वहीं हनुमानगढ़ी क्षेत्र के कुछ लोगों ने सार्वजनिक मंदिर की भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व विभाग की 16, पुलिस विभाग की 08, चकबंदी विभाग की 11, विकास विभाग की 08, खाद्य एवं रसद विभाग की 03, समाज कल्याण विभाग की 1 व अन्य विभागों की 09 शिकायतों सहित कुल 56 शिकायतें दर्ज हुईं जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में तहस. ीलदार, ईओ चन्दौसी धर्मराज राम, बीडीओ बनियाखेड़ा, एसआई सुनील कुमार, ईओ नरौली सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति द्वारा शनिवार को नानकचंद इंटर कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा जायंट्स प्रार्थना के साथ किया गया। नशा मुक्त भारत मिशन के काउंसलर विनीत शर्मा ने तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए कहा कि तंबाकू कैंसर के साथ-साथ हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, दमा एवं मसूड़ों के रोगों का प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान करने वाले व्यक्ति से अधिक खतरा उसके आसपास रहने वाले बच्चों और महिलाओं को होता है।

ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के जानलेवा खतरों से अवगत कराना और उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। शिविर में निकोटीन पैच, च्युइंगम एवं हेल्पलाइन नंबर 1800-11-2356 के माध्यम से सहायता लेने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ0 सुधा चौधरी, पदमा भार्गव, सुभाष रूस्तगी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, इंदू अग्रवाल, मीना वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, रानी अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, आशा विसारिया, आशा रस्तोगी, शैलेश वार्ष्णेय, मीरा गोयल आदि मौजूद रहे।

# ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट पर बड़ा उलटफेर, मुजाहिद अली समर्थकों संग सपा में शामिलय टिकट के बाकी दावेदारों को लगा झटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले की ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट पर सियासी सरगर्मियां अचानक बेहद तेज हो गई हैं। पूर्व प्रत्याशी और इलाके के कद्दावर नेता मुजाहिद अली अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल हो गए हैं। उनके इस कदम के बाद से ही जिले के राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदलते नजर आ रहे हैं। असल में, राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि मुजाहिद अली आगामी चुनावों में ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट से सपा के टिकट के सबसे प्रबल दावेदार बनकर उभरे हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो मुजा.हिद अली का एन वक्त पर सपा में जाना पार्टी के भीतर पहले से ही टिकट की आस लगाए बैठे बाकी दावेदारों के लिए एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है। उनके आने से पार्टी के भीतर टिकट की रेस न सिर्फ बेहद दिलचस्प हो गई है, बल्कि अंदरूनी प्रतिस्पर्धा भी चरम पर पहुंच गई है। मुजाहिद अली के साथ ही वार्ड नंबर 6 से पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी शावेज अली ने भी साइकिल की सवारी कर ली है, जिससे मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी का कुनबा और भी ज्यादा मजबूत हुआ है। **मुजाहिद अली की एंट्री से क्यों मची है खलबली?**

दरअसल, मुजाहिद अली सिर्फ एक नाम नहीं हैं, बल्कि ठाकुरद्वारा विधानसभा-26 क्षेत्र में उनकी एक बेहद मजबूत जमीनी पकड़ मानी जाती है। वह पूर्व में ब्लॉक प्रमुख भी रह चुके हैं और पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के तौर पर अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं। स्थानीय



लोगों के अनुसार, मुजाहिद अली का क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी दोनों ही इलाकों के मतदाताओं से सीधा जुड़ाव है। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी में शामिल होते ही ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट पर टिकट की दावेदारी के मामले में उनका पलड़ा सबसे भारी दिखने लगा है और विरोधी खेमे भी नए सिरे से रणनीति बनाने पर मजबूर हो गए हैं। **टिकट की रेस में बाकी दावेदारों की बढ़ी धड़कनें**

मुजाहिद अली की इस धमाकेदार एंट्री ने समाजवादी पार्टी के उन स्थानीय नेताओं की रातों की नींद उड़ा दी है, जो लंबे समय से क्षेत्र में पसीना बहा रहे थे और खुद को टिकट का स्वाभाविक उम्मीदवार मानकर चल रहे थे। राजनी.तिक विश्लेषकों का कहना है कि मुजा.हिद अली के पास न केवल बड़ा जनाधार है बल्कि चुनाव लड़ने और लड़ाने का एक लंबा राजनीतिक अनुभव भी है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व के लिए उनके नाम और प्रभाव को नजर.अंदाज करना आसान नहीं होगा। यही कारण है कि टिकट के बाकी दावेदारों के खेमे में इस समय गहरी मायूसी और बेचौनी साफ देखी जा सकती है। **अखिलेश यादव की रणनीति और मुरादाबाद का नया समीकरण**

मुरादाबाद जिले की राजनीति हमेशा से ही समाजवादी पार्टी के लिए बेहद खास रही है। अखिलेश यादव और आजम खान जैसे बड़े नेताओं के पोस्टरों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही शि्दली मुबारकबादश् की तस्वीरें इस बात की गवाही दे रही हैं कि इस ज्वाइनिंग को पार्टी हाईकमान से पूरी हरी झंडी मिली हुई थी। पोस्टर पर साफ लिखा है- श्जनसेवा ही हमारा संकल्प है।श् असल में, सपा इस सीट पर किसी भी हाल में कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती, और मुजाहिद अली के रूप में उन्हें एक ऐसा चेहरा मिल गया है जो चुनावी वैतरणी पार लगाने का दम रखता है। उनके साथ आए शावेज अली के अनुभव से भी संगठन को जमीनी स्तर पर नई ताकत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। बहरहाल, मुजाहिद अली के सपा में आने से ठाकुरद्वारा विधानसभा सीट पर टिकट को लेकर अंदरूनी खींचतान बढ़ने के पूरे आसार हैं। अब देखना यह होगा कि पार्टी हाईकमान आने वाले समय में इस जमीनी हकीकत को कैसे संभालता है और बाकी दावेदारों की नाराजगी को दूर करने के लिए क्या रास्ता निकालता है। लेकिन एक बात तो पूरी तरह साफ है कि मुजाहिद अली की इस श्साइकिल यात्राश् ने मुरादाबाद की पूरी सियासत का पारा गर्मा दिया है।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पौत्र शिवा शर्मा पुत्र सुबोध शर्मा व पौत्रवधु श्रीमती स्नेह शर्मा पत्नी शिवा शर्मा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमति सर्वेश कुमारी पत्नी स्व. रामस्वरूप शर्मा निवासी ग्राम बरौली रूस्तमपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद इमरान व उसकी पत्नी अदीबा परवीन को गलत संगत/गलत आचरण मे पढ़ने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य मे उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **फुरकान हुसैन पुत्र अल्ताफ हुसैन निवासी रहमत नगर थाना कटघर, जिला मुरादाबाद**

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र शंकर व पुत्रवधु श्रीमती रिंकी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **रामकुवंर पुत्र श्री हरि सिंह निवासी कुंदनपुर शिव मूर्ति के पास लाइनपार थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## अधिवक्ता परिषद के स्वाध्याय मंडल में चेक बाउंस मामलों पर हुई चर्चा

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय स्थित एडवोकेट अजीत सिंह सभागार में अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल द्वारा चेक बाउंस संबंधी वादों पर स्वाध्याय मंडल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने चेक अनादरण से जुड़े कानूनी प्रावधानों एवं प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य वक्ता अधिवक्ता प्रवीण गुप्ता ने बताया कि चेक बाउंस से संबंधित मामले संक्षिप्त विचारण (समरी ट्रायल) की श्रेणी में आते हैं, कार्यक्रम में विषय का प्रस्तुतिकरण अधिवक्ता विभोर बंसल ने किया। इस अवसर पर नवनीत कुमार, सुजीत कुमार सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र मौ. बिलाल को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में मौ0 बिलाल के द्वारा किए गए किसी भी कुकृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **शमशीर हुसैन पुत्र मीर मौ. निवासी ग्राम व पोस्ट थांवला थाना व तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सि० वाद संख्या :** 69/2026
**तारीख पेशी:** 13.07.2026
**श्रीमती अनीसा आदि बनाम प्रतीक आहूजा आदि।**

1. श्रीमती अनीसा आयु लगभग 52 वर्ष पत्नी स्व. नफीस खां, 2. मौ. हफीज आयु लगभग 43 वर्ष, 3. मौ. नसीम आयु लगभग 33 वर्ष, 4. मौ. अनीश आयु लगभग 29 वर्ष, 5. मोसिन खां आयु लगभग 27 वर्ष पुत्रगण स्व. नफीस खां, 6. शफीक आयु लगभग 52 वर्ष स्व. हनीफ खां, 7. श्रीमती संजीदा आयु लगभग 56 वर्ष पत्नी स्व. फहीम, 8. मौ. मोसिम आयु लगभग 29 वर्ष, 9. कासिम आयु लगभग 26 वर्ष, 10. आसिम आयु लगभग 21 वर्ष पुत्र स्व. फहीम, 11. नईम खां आयु लगभग 55 वर्ष पुत्र स्व. हनीफ खां निवासीगण।

**बनाम**

2. मैसर्स सांई बिल्डर्स मुरादाबाद द्वारा प्रबंधक सिविल लाइंस, मुरादाबाद, 3. राजन प्रमोटर्स प्रा. लि. मुरादाबाद मुरादाबाद प्रबंधक मयंक माहेश्वरी पुत्र सतीश चन्द्र माहेश्वरी निवासी जिगर कालोनी, मुरादाबाद, 4. श्री सांई बिल्डबैल होटल राजमहल सिविल लाइंस मुरादाबाद प्रबंधक विजय सिन्हा पुत्र भगवत स्वरूप निवासी डिप्टी गंज, मुरादाबाद, 5. अनुज रावत आयु 30 वर्ष पुत्र स्व. मदन सिंह, 6. मृदुल रावत आयु लगभग 28 वर्ष पुत्र स्व. मदन सिंह, 7. श्रीमती पुष्पा आयु 60 वर्ष पत्नी स्व. मदन सिंह निवासी गण ई-103 हिमगिरी कालोनी शहर व जिला मुरादाबाद- **प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपर्रिनामांकित **वादीगण** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 07 के दिवस 13 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 15 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), जनपद-मुरादाबाद।**

# ग्राम रहोली में लगी ग्राम चौपाल, अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम रहोली में 'गांव



की समस्या, गांव में समाधान' कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजी.विका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ संवाद स्थापित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए 'लखपति दीदी' अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने समूहों की सफल महिलाओं की कहानियां साझा कर अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण (एचएलओ) के अंतर्गत स्व-गणना अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवार तक स्व-गणना की जानकारी पहुंचाई जाए तथा 7 मई से 21 मई 2026 तक चलने वाले अभियान में अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही आमजन को स्व-गणना पोर्टल के उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी ने जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत बनी पानी की टंकी का निरीक्षण किया। ग्रामीणों से वार्ता में जानकारी मिली कि गांव में सुबह एवं शाम पानी की आपूर्ति की जा रही है। निरीक्षण के दौरान पानी की टंकी के चारों ओर बनी चहारदीवारी जर्जर पाई गई, जिस पर अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए।

## सार्वजनिक सूचना

जिससे भी संबंधित हो, सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड, मुरादाबाद निर्देश पर नोटिस दिया जाता है कि ऋणी पवन कुमार अग्रवाल ने अपनी एक संपत्ति स्थित सुंदर मौहल्ला चन्दौसी जिला संभल को बंधक रख ऋण प्राप्त हेतु आवेदन किया है।

उक्त संपत्ति कस्तूरी देवी पत्नी स्व0 श्री मातादीन के नाम से थी, उन्होंने अपनी उक्त सम्पत्ति को अपने दो पुत्र 1.दिनेश कुमार व 2.पवन कुमार को एक वसीयतनामा किया जो कि रजिस्ट्रार चन्दौसी के कार्यालय में बही 3 जिल्द 62 पेज 241/243 क्रमांक 75 दिनांक 05.06.1989 पर पंजीकृत है। उसके पश्चात् कस्तूरी देवी का देहांत 25.12.1997 को हो गया व दिनेश कुमार की मृत्यु भी 04.02.2001 में हो गई। उसके बाद दिनेश कुमार के तीन वारिस थे, 1. साधना अग्रवाल (पत्नि), 2. पुनीत अग्रवाल (पुत्र), 3. वाणी कंसल (पुत्री) इन वारिसों ने पवन कुमार को 17.28 वर्गमीटर के क्षेत्रफल को विक्रय कर दिया जो कि रजिस्ट्रार चन्दौसी के कार्यालय में बही 1 जिल्द 9647 पेज 119/146 क्रमांक 15402 दिनांक 31.10.2019 पर पंजीकृत है। दिनेश कुमार के केवल तीन ही वारिस हैं, अन्य नहीं है। उनके वारिसों ने केवल दिनेश कुमार के हिस्से का विक्रय किया है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था/बैंक को कोई क्लेम या आपत्ति उक्त सम्पत्ति का आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड, मुरादाबाद द्वारा बंधक किये जाने पर आपत्ति या एतराज हैं तो वो इस विज्ञापन के प्रकाश से 07 दिन के अंदर मुझे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त सम्पत्ति के विक्रय और बंध के संबंध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड, मुरादाबाद उक्त संपत्ति को बंधक रखक ऋणी के हक में ऋण जारी कर देगी।

**कपिल गुप्ता एड0 (विधिक सलाहकार, आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड, मुरादाबाद) । मो0नं0: 9837115242, रजिस्ट्रेशन नंबर: 1716/2006**

# भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में संगठन विचारधारा और तकनीक पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान वर्ग का द्वितीय दिवस शनिवार को गरिमामयी एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 6 बजे कार्यकर्ताओं के जागरण, शाखा, योग एवं प्रार्थना से हुई, जिसमें संगठन के प्रति समर्पण और शारी.रिक-मानसिक स्वास्थ्य का संकल्प लिया गया। सप्तम सत्र में क्षेत्रीय महामंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के क्षेत्र संयोजक हरिओम शर्मा ने पार्टी का इतिहास, विकास, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानव दर्शन और पंचनिष्ठाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा अंत्योदय पर आधारित है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। अष्टम सत्र में सहारनपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत अरोड़ा ने संगठन की कार्यपद्धति पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती अनुशासन, कार्यकर्ताओं के व्यवहार और निरंतर संवाद पर निर्भर करती है। नवम सत्र 'मीडिया विमर्श एवं सोशल मीडिया' पर आधारित रहा। आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के क्षेत्रीय संयोजक निमित जायसवाल और अभिषेक मिश्रा ने एआई और सोशल मीडिया टूल्स के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से भ्रामक खबरों पर रोक लगाकर संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। अंतिम सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री बल्देव औलख ने गरीब कल्याण योजनाओं और उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने एवं संचालन जिला महामंत्री हरिओम शर्मा ने किया। इस अवसर पर मोहनलाल सैनी, हेमंत राजपूत, राजेश सिंघल, भीष्म शर्मा, डॉ नरेंद्र सिंह, मंजू दिलेर, अजीत कुमार उर्फ राजू, गीता प्रधान, गजराज सिंह, परमेश्वर लाल सैनी, चंद्रपाल सिंह, अंजू चौधरी, राजकुमार ठाकरे, विरलेश यादव, मनोज कठेरिया, शिल्पी गुप्ता, प्रभात शर्मा, लता वार्ष्णेय, योगेंद्र त्यागी, विकास वार्ष्णेय, विपिन गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अवधेश प्रताप, दीपक यादव, टी. एस. पाल, चंद्रसेन राणा, विशाल चौहान, देवचंद्र सेनी, मुकुल रस्तोगी, अंकित जैन, शुभम अग्रवाल, विपिन गुप्ता, यश मदान, विजय राघव, मोक्षिका शर्मा, सोनू चाहल, शीनू गुप्ता, वंदना चौधरी, अभिनव शर्मा, उदयवीर आदि मौजूद रहे।

# कमरे में बंद किया गुलदार

## शिकार का पीछा करते हुए घर में घुसा, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बीती देर रात शिकार का पीछा करते हुए गुलदार एक ग्रामीण के घर में घुस गया। ग्रामीण ने साहस का परिचय देते हुए गुलदार को कमरे में बंद कर दिया। पुलिस व राजगढ़ वन रेंज की टीम ने पांच घंटे कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार को रेस्क्यू किया। गुलदार के पकड़े जाने के बाद किसान के परिवार व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। आए दिन बस्ती में गुलदार देखे जाने से ग्रामीण खासे भयभीत है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नांगल सोती क्षेत्र का ग्राम लालपुर सोजीमल राजगढ़ वन रेंज की काफी नजदीक बसा है, वही गंगा खादर का क्षेत्र भी गांव की सीमा से लगा हुआ है। गांव के एक छोर पर किसान मुन्नू सिंह का घर है। बीती देर रात मुन्नू सिंह अपने परिवार के साथ घर के बाहर बैठे थे। तभी रात करीब 11 बजे शिकार का पीछा करते हुए गुलदार मुन्नू सिंह के घर में घुस गया। गुलदार की घर में दस्तक से परिवार के लोग भयभीत हो गए। किसान मुन्नू सिंह ने अपने परिवार की रक्षा के लिए साहस का परिचय देते हुए गुलदार को कमरे में बंद कर दिया। शोर शराबा सुनकर गांव के बब्लू, दीपू, अजय, सुभाष, पंकज, सहदेव आदि ग्रामीण मौके पर आ गए। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ टीम के साथ गांव पहुंचे। रेंजर देव ऋषि के नेतृत्व में वन दरोगा योगेश के साथ राजगढ़ वन रेंज की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वन विभाग की टीम ने घर के चारों ओर गुलदार को पकड़ने के लिए जाल लगा दिया। आतिशबाजी के शोर के बावजूद जब गुलदार जाल में नहीं फंसा, तो वन विभाग की टीम ने कमरे के मुख्य द्वार पर पिंजरा लगा दिया। पिंजरे में बंधी बकरी के लालच में गुलदार आज तड़के करीब पांच बजे पिंजरे में कैद हो गया।

वन विभाग की टीम व पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गुलदार का रेस्क्यू किया तो परिवार व ग्रामीणों की जान में जान आई।



### पूरी रात जागते रहे ग्रामीण

मुन्नू सिंह के घर में कैद हुई गुलदार के भय से ग्रामीण पूरी रात जागते रहे। कुछ साहसिक ग्रामीण वन विभाग की टीम के साथ गुलदार को पकड़े जाने तक मौके पर डटे रहे और टीम का साथ दिया।

### करीब दो वर्ष है गुलदार की उम्र

राजगढ़ के वन रेंजर देव ऋषि ने बताया कि गुलदार की उम्र करीब दो साल है और नर है। गुलदार शिकार का पीछा करते हुए घर में घुस गया था, जिसका सफल रेस्क्यू कर लिया गया है।

# परीक्षा केंद्र पर नकल के नाम पर वसूली

## छात्र से मारपीट, अभाविप ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर/शेरकोट** देशभर में नीट परीक्षा पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों के बीच धामपुर क्षेत्र से भी परीक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। बीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने परीक्षा केंद्र पर नकल कराने के नाम पर सुविधा शुल्क मांगने, रुपए न देने पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित छात्र अनुज शर्मा, जो बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है, ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि वह 15 मई 2026 को परीक्षा देने के लिए शहजादपुर, शेरकोट स्थित परीक्षा केंद्र पर पहुंचा था। छात्र का आरोप है कि परीक्षा केंद्र पर उसे बताया गया कि यदि परीक्षा में नकल करनी है तो इसके लिए 1000 रुपए देने होंगे। छात्र ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया।



आरोप है कि इसके बाद उसे उसकी निर्धारित सीट से उठाकर दूसरे कक्ष में बैठा दिया गया। छात्र का कहना है कि परीक्षा शुरू होने के कुछ समय बाद एक अध्यापक फिर उसके पास पहुंचे और दोबारा 1000 रुपए की मांग की। छात्र ने फिर पैसे देने से मना कर दिया। इस पर संबंधित अध्यापक ने कथित तौर पर छात्र और उसके परिवार के लिए अपशब्द कहे तथा गाली-गलौच की।

छात्र के अनुसार जब उसने गाली देने का विरोध किया, तो अध्यापक ने उसके साथ मारपीट की और थप्पड़ मारे। इतना ही नहीं, आरोप है कि छात्र को धमकी दी गई कि यदि उसने यह बात बाहर किसी को बताई, तो उसे जान से मार दिया जाएगा। घटना से छात्र मानसिक रूप से आहत हो गया।

मामले की जानकारी जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों को मिली तो उन्होंने इसे शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न बताते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों को भ्रष्टाचार का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा।

छात्र संगठन का कहना है कि यदि समय रहते दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, छात्र ने मामले में पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

यह मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा केंद्रों की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

# पेंशनर्स परिषद की बैठक में उठे जनहित के मुद्दे

## टीचर्स कॉलोनी में अवैध कॉलोनी काटने पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद धामपुर शाखा की बैठक स्थानीय धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमें पेंशनर्स ने विभिन्न सामाजिक और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक की शुरुआत सर्वसम्मति से वंदना के साथ हुई। इस दौरान परिषद के सदस्यों ने सामाजिक सरोकारों, पर्यावरण संरक्षण और नगर की मूलभूत समस्याओं पर अपने विचार रखे।

बैठक में जैविक खेती और जैविक सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में लोगों को रासायनिक खादों और दवाओं से मुक्त खेती की ओर बढ़ना चाहिए, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें। परिषद के सदस्यों ने समाज में जागरूकता फैलाने का भी आह्वान किया। बैठक के दौरान दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।



इसी दौरान नगर की टीचर्स कॉलोनी से जुड़ी एक गंभीर समस्या भी बैठक में उठाई गई। परिषद के पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन भेजकर टीचर्स कॉलोनी क्षेत्र में कथित अवैध कॉलोनी काटे जाने और जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने की शिकायत की। ज्ञापन में कहा गया कि टीचर्स कॉलोनी स्थित डा. सुरेश चौधरी के पीछे कब्रिस्तान के पास पुराने आम के बाग क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है। आरोप है कि इस क्षेत्र के पश्चिम में स्थित तालाब की कुछ भूमि को भी कॉलोनी में शामिल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब का पानी इसी मार्ग से होकर आगे नदी की ओर जाता है, लेकिन निर्माण कार्य होने से पानी की निकासी बाधित हो सकती है।

निवासियों ने चिंता जताई कि यदि यह निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो बरसात के मौसम में टीचर्स कॉलोनी के घरों में जलभराव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है। बताया गया कि पूर्व में भी बारिश के दौरान कॉलोनी के कई मकानों में पानी भर चुका है, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी थी।

पेंशनर्स परिषद और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध निर्माण पर रोक लगाने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। बैठक में बड़ी संख्या में परिषद सदस्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# शनि जयंती श्रद्धा और उल्लास से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर में शनि जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन-पूजन और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जिन्होंने भगवान शनिदेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

नगर के प्रसिद्ध हनुमान धाम मंदिर में शनि जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह करीब दस बजे धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। पंडित सूर्यदीप शर्मा ने मुख्य यजमान नरेश कालरा और उनकी धर्मपत्नी ने विधि-विधानपूर्वक हवन-पूजन संपन्न कराया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव के जयकारे लगाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। हवन-पूजन के बाद भगवान शनिदेव को उड़द-चावल का विशेष भोग अर्पित किया गया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। भंडारे में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भी सहभागिता की और सेवा कार्यों में सहयोग दिया। इसी क्रम में श्री सिद्धिपीठ महाकाली प्राचीन मंदिर में भी शनि जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और उड़द-चावल प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। भक्तों ने भगवान शनिदेव और मां महाकाली के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पूरे नगर में शनि जयंती को लेकर भक्तिमय वातावरण बना रहा। मंदिरों में देर तक श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा और लोगों ने धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर श्री हनुमान धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान के साथ गौतम कुमार, वैभव अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, संदीप गिरी, लक्ष्मण कश्यप, हनुमान चौहान, योगेंद्र राजपूत, बीरबल चौधरी और अमित अग्रवाल सहित कई श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



मंदिरों में हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन

## एक नजर

### जाट जागरण समिति ने सौंपा मांग पत्र



**चांदपुर।** जाट जागरण समिति ने पिछले दिनों राजकुमार भाटी द्वारा महिलाओं व जाट समाज के बारे में अभद्र टिप्पणी करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए आज सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राजकुमार भाटी समय-समय पर इसी तरह महिलाओं के विषय में अश्लील वक्तव्य देते रहते हैं। जिसके लिए सरकार से भाटी पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। समिति के अध्यक्ष डा. विकास तोमर ने सीओ को बताया कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए राजकुमार भाटी अपने सम्बोधनों में लगातार महिलाओं के विषय में अश्लील व भ्रामक टिप्पणी कर समाज में असंतोष फैलाने का काम कर रहे है। कभी वह जातिगत अभद्र टिप्पणी करते हैं, तो कभी महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाते हैं। अभी हाल ही में दिल्ली की एक सभा में राजकुमार भाटी द्वारा जाट समाज व अन्य बिरादरियों के लिए अमर्यादित टिप्पणी की गई। जिसे जाट समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इसे लेकर जाटों में जबरदस्त आक्रोश है। ज्ञापन देने वालों में संरक्षक डा. नरेंद्र तोमर, डा. महेंद्र मलिक, संयोजक डा.संदीप चौधरी, डा.कपिल कुमार, डा.सुयश चौधरी, विकल्प तोमर, बादल तोमर आदि शामिल रहे।

### एसपी सिटी ने सुनीं 25 जन शिकायतें



**नजीबाबाद।** तहसील में आज सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी सिटी बिजनौर ने जनता की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 25 जन शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग की दस, पुलिस की आठ, विद्युत विभाग की पांच, नलकूप विभाग की एक और चकबंदी विभाग की एक शिकायत शामिल थी। अधिकारियों ने मौके पर ही चार जन शिकायतों का निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के लिए भेजा गया है। इस अवसर पर एसडीएम नजीबाबाद, पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद सहित राजस्व, पुलिस, विद्युत, नलकूप और चकबंदी विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। एसपी सिटी ने सभी अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से लेने और तय समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बिजली विभाग ने लगाया कैंप



**नजीबाबाद।** नांगल सोती में विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए बिजली विभाग ने एक विशेष मेगा कैंप का आयोजन किया है। नजीबाबाद विद्युत उपखंड कार्यालय द्वारा आयोजित इस कैंप में उपभोक्ता अपनी समस्याओं का मौके पर ही समाधान प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर और बिजली बिलों से संबंधित शिकायतों के समाधान पर केंद्रित है। उपखंड अधिकारी (एसडीओ) राहुल यादव ने जानकारी दी कि यह कैंप नांगल सोती के मुख्य बाजार स्थित धर्मशाला में लगाया गया है। इस कैंप में स्मार्ट मीटर से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इनमें बिजली बिल जमा करना, गलत बिलों का संशोधन, मोबाइल नंबर अपडेट कराना, स्मार्ट मीटर ऐप डाउनलोड करने में सहायता, लोड बढ़ाना या कम कराना, व्हाट्सएप के माध्यम से बिल उपलब्ध कराना और ऑटोमेटिक बिल न बनने पर मैन्युअल बिल तैयार करना शामिल है।विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह निर्धारित अवधि में इस कैंप में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। इस दौरान अवर अभियंता नूतन प्रकाश, बाबू अशोक कुमार सहित कई विद्युतकर्मी उपस्थित रहे।

### थाने में पीस कमेटी की बैठक



**धामपुर।** आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मद्देनजर आज कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में पीस कमेटी के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आगामी बकरीद पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। साथ ही त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे, जिससे सभी लोग शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मना सकें। बैठक में मौजूद लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### आठ शिकायतों का निस्तारण

**धामपुर।** तहसील समाधान दिवस में जन समस्याएं 173 शिकायतें आई जिनमें आठ का मौके पर निस्तारण किया गया और 165 शिकायत संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए दी गई। एसडीएम स्मृति मिश्रा एवं तहसीलदार धनंजय सिंह द्वारा तहसील समाधान दिवस में जन समस्याएं सुनी गई। कुल जनसमस्याएं 173 आई। जिनमें से आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। 165 शिकायतें संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी गई और निर्देश दिए गए। इनका समाधान निर्धारित समय में किया जाए।

## एक नजर

### वट अमावस्या का पर्व मनाया



**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान ने आज वट अमावस्या का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। इस त्योहार पर बायना निकलता है और वट के पेड़ की पूजा होती है। संस्थान द्वारा पिछले साल बहुत सारे पौधे रोपे थे। पिछले वर्ष जिन श्रद्धालुओं ने डंडी काटकर पूजा की और उसके बाद उन्हें एक किनारे पर फेंक दिया। हमने उन सबको उठाकर उसके कलम बनाकर, इंदिरा पार्क में और तीन पौधे अपने घर पर बोये थे। जिसमें से एक पौधा चल गया, दो पौधे सूख गए। इंदिरा पार्क में रोपे गए अनेक पौधों में भी ऐसे ही हुआ, वहां भी बस तीन पौधे चल रहे हैं और सब सूख गए। संस्थापिका सविता अग्रवाल ने कहा कि हम संस्थान की ओर से यह अपील करते हैं कि यह टहनी मत काटना, अगर काट भी लिए हैं, तो पूजा के बाद कलम बनाकर उसे अपने घर के पास अथवा कहीं पर भी सड़क के किनारे उसे लगा दीजिए, पौधे हमारा भविष्य है। शालिनी गुप्ता ने कहा जहां होगी हरियाली वहीं होगी खुशहाली। इस अभियान में शालिनी गुप्ता, संस्थान के सभी सदस्य अपने-अपने स्तर पर सहयोग एवं अपील कर रहे हैं।

### खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



**मंडावर।** कंकेश्वर महादेव सरस्वती शिशु मंदिर देवलगढ़ में विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में बहन रिया ने लम्बी कुद में द्वितीय तथा श्रद्धा ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अमन, विक्की और अंशुल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें टीला आश्रम के महंत गुड्डू दास जी महाराज द्वारा मेडल पहनाकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने महाराज का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के लिए प्रेरित किया।

### सम्मेलन में जैविक खेती पर चर्चा



**नजीबाबाद।** विशाल भारतीय किसान यूनियन ने मंडावली में एक किसान सम्मेलन और विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संगठन के सभी कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कृषि की नई तकनीकों से कम लागत में बेहतर उत्पादन, फसल सुरक्षा की आधुनिक विधियों और जैविक कृषि तकनीकों पर चर्चा करना था। विशेषज्ञों के साथ सीधे संवाद के माध्यम से किसानों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम बढ़ाने पर जोर दिया गया। बिजनौर के जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वरिष्ठ अतिथियों में कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक केके सिंह, हिमांशु रंजन तथा आकाशवाणी नजीबाबाद के कृषि जगत उद्घोषक और आरएसएम डिग्री कॉलेज, धामपुर के पूर्व प्राचार्य व कृषि विशेषज्ञ प्रो. वीके सिंह शामिल थे। यह आयोजन सिंह फार्म हाउस, मुस्सैपुर-मंडावली में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वसीम अहमद सहित देसराज, रवि प्रकाश, नुसरिम अहमद, धर्मपाल, शाहिद हुसैन और कारी फेजन जैसे प्रमुख कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### मिट्टी के खनन पर रोक की मांग




**नांगल सोती।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने पुलिस मिट्टी के अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की। भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सरजीत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता नांगल थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन हल्का इंचार्ज अफजाल को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ग्राम अभिपुरा के जंगल में रात में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे खेतों पर जाने वाले रास्ते खराब हो गए हैं। किसानों ने पुलिस से मिट्टी के अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व ग्राम प्रधान सुनील कुमार, संजीव कुमार, मुकेश कुमार, अनुज, सचिन चौधरी, मंजीत आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धा से मनाई शनि जयंती

**शेरकोट।** श्रद्धा और आस्था के साथ शनि जयंती मनाई गई। मंदि. रों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने भगवान शनिदेव का तेलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और कष्टों से मुक्ति की कामना की। नगर के शनि मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने काले तिल, सरसों का तेल और उड़द दाल अर्पित कर शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शनि जयंती पर पूजा करने से शनि दोष और जीवन की बाधाओं से राहत मिलती है। इस मौके पर कई स्थानों पर गरीबों को भोजन और वस्त्र वितरण भी किया गया। धर्माचार्यों ने बताया कि शनिदेव न्याय के देवता माने जाते हैं और कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। इसलिए लोगों को सदैव सत्य और अच्छे कर्मों के मार्ग पर चलना चाहिए। पूरे दिन मंदिरों में जय शनिदेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# डीएम की मौजूदगी में उमड़ी फरियादियों की भीड़, 98 में से छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल 98 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक 44 शिकायतें रहीं। इनमें से छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

खंडवा गांव की एक महिला कृषक ने शिकायत की कि उसके भूमि विवाद में राजस्व परिषद के आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल को निलंबित कर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का 15 दिन के भीतर स्थलीय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। नगलिया जट गांव के वाजिद मलिक, अब्दुल सत्तार, गफ्फार हुसैन और दिलावर हुसैन समेत ग्रामीणों ने गांव में हाईटेंशन लाइन के पुराने और झुके खंभों से हादसे की आशंका जताई। ग्रामीणों ने केबल लाइन डलवाने की मांग की। इस पर विद्युत विभाग के एसडीओ ने बजट का अभाव बताया, जिसके बाद जिलाधिकारी ने तार बदलने और नीचे सुरक्षा जाल लगाने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल शाहबाद मार्ग स्थित धर्मपुर कलां गांव पहुंचे, जहां नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया। अधिकारियों ने शिलापट का अनावरण कर चौकी का लोकार्पण किया। एसएसपी ने कहा कि नई चौकी बनने से 26 गांवों के लोगों को त्वरित पुलिस सहायता मिल सकेगी और कोतवाली तक नहीं दौड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया गया है तथा जनसुनवाई के माध्यम से शिकायतों का समाधान कराया जा रहा है। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। जिलाधिकारी ने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, पेयजल बचाने और बिजली चोरी रोकने में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों का निस्तारण सामंजस्य और सूझबूझ के साथ किया जाए, क्योंकि पुलिस और प्रशासन जनता की सेवा के लिए हैं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, सुरेश गुप्ता, प्रदीप सिंघल, दुष्यंत चौहान, सुधीर अग्रवाल, सलीम अहमद, इकरार हुसैन और नितिन डूडेजा समेत अन्य लोगों ने डीएम, एसएसपी, एसपी देहात कुंवर आकाश तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे को श्रीरामचरितमानस और प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद अधिकारियों ने नगर की नई सड़क स्थित जलभराव की समस्या का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पालिका ईओ को सड़क ऊंची कर निर्माण कराने और नाले की निकासी बड़े नाले से जोड़ने के निर्देश दिए। वहीं स्टेशन रोड स्थित साईं कॉलोनी में रास्ते के विवाद का निरीक्षण कर अवैध रास्ता बंद कराने के निर्देश भी दिए गए। समाधान दिवस से पूर्व जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, एसएसपी सतपाल अंतिल और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पैंठ बाजार पहुंचे। वहां उन्होंने पठन-पाठन की स्थिति का निरीक्षण किया और बच्चों से सवाल पूछे। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी 15 पीएमश्री विद्यालयों को शिक्षा एवं संसाधनों के 120 मानकों के अनुरूप विकसित कर मॉडल स्कूल बनाया जाएगा।





## एक नजर

### शनि जयंती पर मंदिर में शनि शिला की कराई प्राण प्रतिष्ठा

**कांठ( शाह टाइम्स )।** शनि जयंती के अवसर पर सलेमपुर गांव में बिश्नोई मंदिर पर श्री शनि महाराज की शनि शिला की प्राण प्रतिष्ठा शिव कुमार शर्मा के द्वारा विधि विधान से कराई गई। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओ को खिचड़ी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मन्दिर में बच्चे बड़े और महिलाओं ने धर्म लाभ उठाया। इस मौके पर अंश बिश्नोई राहुल कुमार सैनी ओमवीर सिंह दिवाकर प्रभात बिश्नोई अर्चना बिश्नोई ममता बिश्नोई श्रद्धा बिश्नोई भोलू बिश्नोई और प्रमोद कुमार बिश्नोई आदि मौजूद रहे।



### क्षत्रिय समाज ने पृथ्वीराज चौहान को 860 वी जयंती पर किया याद



**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षत्रिय समाज समिति द्वारा कासमपुर पंचायत भवन में हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 860 वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। समाज के लोगों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे वीरता, राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान के प्रतीक थे। उनके आदर्श आज भी समाज और युवाओं को प्रेरणा प्रदान करते हैं। सत्यवान सिंह राजपूत ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य एवं पराक्रम का उल्लेख करते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमोद चौहान, अनिल चौहान, वीरेंद्र चौहान, नेपाल सिंह, बलवंत सिंह, चंचल पाल, देवेंद्र सिंह, शिवेंद्र राजपूत, आर्यन चौहान, मास्टर सुरेंद्र सिंह, आशु राजपूत, राजीव, केपी सिंह, रवि पाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, राधेश एवं सवित चौहान आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गोष्ठी सम्पन्न

**मुरादाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा डेंगू जैसी गंभीर बीमारी के नियंत्रण व रोकथाम की शपथ दिलाई गई व भारत सरकार द्वारा प्राप्त की दिशा-निर्देशानुसार डेंगू पर नियंत्रण, रोकथाम व जन-जागरूकता हेतु डेंगू के लक्षण जैसे अचानक तेज सर दर्द व बुखार का होना, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आँखों के पीछे दर्द होना, जोकि आँखों को घुमाने से बढ़ता है, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गम्भीर मामलों में नांक मुँह, मसूडों से खून आना अथवा त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि व इसके बचाव जैसे डेंगू रोग की जाँच एवं उपचार निकट के सरकारी अस्पताल में शीघ्र एवं निशुल्क करायें, पानी को जमा न होने दे, पानी की टंकियां, कूलर व ऐसे पात्र जहाँ पानी रूक सकता है उसकी की नियमित सफाई, मच्छरदानी का प्रयोग, घर के आस-पास साफ-सफाई आदि कार्य व जन-जागरूकता हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। गोष्ठी में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी वी०बी०डी०, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रवीन कुमार श्रीवास्तव, एपिडेमियोलॉजिस्ट श्री अजीज-उर-रहमान, जिला वी०बी०डी० कन्सलट्रेट श्री शरद पाल व समस्त मलेरिया निरीक्षक श्री शेखर गुप्ता, श्रीमती रजनी शर्मा, श्री वकुल गौतम, श्री अमित कुमार, मो० जीशान उपस्थिति रहे।

### घास काटने गए बच्चे पर जंगल में किया तेंदुए ने हमला, बाल बाल बची जान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जंगल से चारा लेने गए बच्चे पर तेंदुए ने जानलेवा हमला कर दिया लेकिन बच्चों की सजगता से उसकी जान बच गई प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर टांडा निवासी महिपाल का पुत्र विकास और मुनेश का पुत्र लोकेंद्र पशुओं का चारा लेने के लिए जंगल गए थे दोनों खेत की मेड़ पर घास काट रहे थे तभी घात लगाए बैठे तेंदुए ने छलांग मार कर लो. केंद्र को दबोच लिया लोकेंद्र ने हिम्मत का परिचय देते हुए दरात से तेंदुए पर वार किया। जिससे तेंदुआ कूदकर पीछे हट गया बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के किसान आ गए और तेंदुआ दोनों को छोड़कर भाग गया परिजन लोकेंद्र को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद के लिए रेफर किया गया और वहां से उपचार दिए जाने के बाद उसे घर वापस भेज दिया गया। ग्रामीणों का कहना था की क्षेत्र में तेंदुओं की संख्या बढ़ती जा रही है आधा दर्जन से ज्यादा बच्चों और बड़ों पर तेंदुओ के हमले हो चुके हैं लेकिन सरकारी स्तर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं काफी समय से तो पिंजड़ों के पास तेंदुओं की कोई हलचल भी दिखाई नहीं दे रही है गांव वालों ने पिंजरा लगाकर ऐसे हिंसक तेंदुओं को पकड़वाए जाने की मांग उठाई है।



# व्यापारियों की शिकायत पर नई सड़क पर जलभराव की समस्या पर पहुंचे डीएम

**स्टेशन रोड पर रास्ते को लेकर की गई शिकायत पर मौके का किया मुआयना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष केके गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा नई सड़क पर बरसात के दौरान जल भराव की समस्या पर की गई शिकायत के बाद डीएम व एसएसपी काफिले के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ज्ञापन में कहा गया था कि यहां बरसात के दौरान गंदा पानी भरा रहता है ।अतिक्रमण के कारण भी दयनीय स्थिति बनी रहती है। नाले की गहराई पहले 5 फीट थी जिसे दो फिट कर दिया गया। कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।कहा की दोनों और का पानी एक और पुलिया में आकर गड्ढे में ठहर जाता है। जिसकी वजह से व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिकारियों ने मुआयना कर पालि. का की अधिशासी अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष के के गुप्ता, सुमित गुप्ता, प्रवीण कुमार, विकास शर्मा, अंकित,सानू, संजीव कुमार गुप्ता, मनोज शर्मा, शाहनवाज आलम, प्रदीप शर्मा, भूरा, यासीन, कामिल, रामकुमार, मुमताज अली, हरिकिशन प्रजापति, मुशाहिद अख्तर, इस्तखार हुसैन, किशन वीर सिंह, दानिश अली, खलील अहमद, जीशान, प्रदीप कुमार, तुषार गुप्ता, सुमित गुप्ता, मोहम्मद फैजान, सुखपाल सिंह आदि सहित अनेकों मौजूद रहे। इसके अलावा दोनों अधिकारियों ने स्टेशन रोड पर एक शिकायत के बाद मौके पर पहुंचकर शिकायत की स्थिति को जाना।

# बिलारी में फिर शुरू हुई 'रघुराज की रसोई' जरूरतमंदों को कराया गया निशुल्क भोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी** तहसील परिसर के बाहर शनिवार को पालिका अध्यक्ष एवं समाजसेवी रघुराज सिंह यादव द्वारा "रघुराज की रसोई" के तहत निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने पहुंचकर भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर रघुराज सिंह यादव ने बताया कि यह सेवा पूर्व में भी लगातार संचालित की जाती रही है, लेकिन कुछ कारणों से बीच में इसे रोकना पड़ा था। अब पुनः इस जनसेवा अभियान को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शनिवार को नगर के अलग-अलग स्थानों पर "रघुराज की रसोई" लगाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक निशुल्क भोजन पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि रसोई करीब चार घंटे तक संचालित होती है और इस दौरान आने वाले सभी लोगों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसे "जीरो वेस्ट इवेंट" की थीम पर आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम में प्लास्टिक से बनी किसी भी सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। भोजन वितरण के लिए केवल पुनर्चक्रण योग्य दोने, गिलास और पत्तलों का इस्तेमाल किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विनेश सिंह यादव (चेयरमैन प्रति. निधि), विकास गुप्ता (नगर अध्यक्ष, बिलारी), मनोज ठाकुर (मंडल महामंत्री), निहाल सिंह, तहजीव आलम, रसीद पन्ना, जरीफ, सलीम, सुमित गुप्ता, देवेश शर्मा, रविंद्र कुमार सिंह, अभिषेक पांडे, शैलेन्द्र उर्फ सोनू, सद्दीक रजा, सचिन चौधरी, अनिल ठाकुर, संजीव ठाकुर, लक्ष्मण सिंह, राजू, ओमेन्द्र, धर्मवीर यादव, लखपत सिंह (प्रधान जी), सिद्धार्थ सिंह, जीतेन्द्र कोहली, प्रमोद, रविन्द्र चौधरी, विशाल प्रजापति, दीपक कुमार, सतवीर सिंह, नरेन्द्र सिंह लाला, संजय सिंह, मोअज्जम अली तथा फरमान मलिक सहित नगर के प्रमुख सभासद, रघुराज सिंह यादव की पुरानी टीम के सदस्य एवं सफाई नायकों की टीम मौजूद रही।




## जन्मदिन समारोह में मारपीट करने के मामले में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिचौला ढूकी में जन्मदिन समारोह के दौरान घर में घुसे लोगों ने परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। इस दौरान घर का खाना भी फेंक दिया। इस मामले में तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वीरवती पत्नी बबलू सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि 14 मई को उसके परिवार में रामायण का कार्यक्रम था। उसके बेटे का जन्मदिन था। जिसमें दावत चल रही थी। गांव के ही एक भाजपा नेता का भाई पिंकी घर में घुस आया और गाली गलौज छेड़खानी करने लगा। दावत का खाना बर्बाद कर दिया। अशोक कुमार ने कार्यक्रम में मारपीट और गाली गलौज की मेहमानों के लिए बनाए गए भोजन में ईंट पत्थर और मिट्टी डाल दी। घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। सुरेश घर पर आकर धमकी दे रहा था। उसके साथ अजब सिंह भी था। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

# सीडीओ ने किया पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय छजलैट का औचक निरीक्षण

**● सफाई व नामांकन बढ़ाने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने विकास खंड छजलैट में स्थित पी.एम.श्री कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया, जिसमें 01 सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश व 01 सहायक अध्यापक अर्जित अवकाश पर थे।

सीडीओ ने विद्यालय की समस्त कक्षाओं में जाकर कक्षा में हो रहे पठन-पाठन की विस्तार से जानकारी ली। विद्यालय में साफ-सफाई की स्थिति को बारीकी से देखा गया। सीडीओ ने विद्यालय में साफ-सफाई को लेकर अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कांठ को निर्देश दिए एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सफाई कर्मी से सफाई कराने हेतु एडीओ पंचायत से वार्तालाप करने के लिए निर्देशित किया। विद्यालय में नामांकन को बढ़ाने हेतु भी निर्देश दिए गए। विद्यालय परिसर में नवनिर्मित मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जिसके क्रम में संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। पी. एम.श्री कम्पोजिट विद्यालय कांठ में संचालित प्ब्ज स्ंइ का अवलोकन किया गया, जिसके क्रम में प्ब्ज स्ंइ के कुशल संचालन कराए जाने के लिए प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया। साथ ही निपुण प्लस ऐप पर नामांकित समस्त छात्र-छात्राओं का नियमित असेसमेंट कराए जाने के लिए भी निर्देश दिए गए।



# कृषको को ग्रीष्मकालीन जुताई करने की सलाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वर्तमान समय में जनपद मे छिटपुट वर्षा हो रही है जिसको दृष्टिगत रखते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पाल सिंह द्वारा कृषक भाईयों को ग्रीष्मकालीन जुताई करने की सलाह दी है। ग्रीष्मकालीन जुताई के लिए यह समय उपयुक्त है। कीट एंव रोग नियंत्रण की आधुनिक विद्या एकीकृत नाशी जीव प्रबन्धक (आई0पी0एम0) के अन्तर्गत भी ग्रीष्मकालीन जुताई को अपनाने पर बल दिया जाता है। रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई आगामी खरीफ फसलों के लिए अनेक प्रकार से लाभकारी है। ग्रीष्मकालीन जुताई मानसून आने से पूर्व मई-जून महीने मे की जाती है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन जुताई का उद्धेश्य एवं उसके लाभ जैसे- मृदा के अन्दर छिपे हुए हानिकारक कीट एंव उनके अण्डे, लार्वा, प्यूपा तथा निमेटोड गहरी जुताई के बाद सूर्य की तेज किरणो के सम्पर्क मे आने से नष्ट हो जाते है। गर्मी की गहरी जुताई के उपरान्त मृदा में पाये जाने वाले भूमि जनित रोगों के जीवाणु कवक आदि सूर्य के प्रकाश मे नष्ट हो जाते है जो फसलों में बीमारी के प्रमुख कारण होते है। खेत मे उगे हुए खरपतवार एवं फसल अवशेष मिट्टी मे दबकर सड़ जाते है जिससे मृदा मे जीवांश की मात्रा बढ़ती है। ग्रीष्मकालीन जुताई करने से मृदा की संरचना में सुधार होता है जिससे मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ती है जो फसलों के बढवार के लिए उपयोगी है। खेत की कठोर परत को तोड़कर मृदा को जड़ो के विकास के लिए अनुकूल बनाने हेतु ग्रीष्मकालीन जुताई अत्यधिक लाभकारी है। मृदा में वायु संचार बढ़ जाता है जो लाभकारी सुक्ष्म जीवों के वृद्धि एवं विकास मे सहायक होता है। फसल में कीट/रोग की समस्या के निदान हेतु कृषक भाई अपना नाम, ग्राम का नाम, विकासखण्ड व जनपद का नाम लिखते हुए सहभागी फसल निदान प्रणाली के मोबाइल नं0 9452247111 एवं 9452257111 पर एस0एम0एस0/व्हाट्सएप के माध्यम से फोटो भेजते हुए अपनी समस्या का समाधान 48 घंटे के अन्दर पा सकते हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर भड़के किसान, तहसील में किया जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं का समय पर समाधान न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। किसानों ने प्रशासन पर शिकायतों को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनेंद्र शर्मा एवं तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो मौके पर जांच की जाती है और न ही शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण किया जाता है। किसानों ने आरोप लगाया कि शिकायत पत्रों को महज औपचारिकता बनाकर रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर किया जाए, लेकिन स्थानीय प्रशासन इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। इसी लापरवाही के विरोध में किसानों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की। इस दौरान किसानों ने वन विभाग पर भी गंभीर आरोप लगाए। भाकियू नेताओं ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व वन विभाग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आंधी-तूफान में सड़कों किनारे गिरे पेड़ों को विभाग द्वारा निजी ठेकेदारों को बेच दिया जाता है और उससे प्राप्त धनराशि सरकारी खाते में जमा करने के बजाय हड़प ली जाती है, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। किसानों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 24 मई तक किसानों की समस्याओं और शिकायतों का समाधान नहीं किया गया तो 25 मई से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में ब्लॉक उपाध्यक्ष चौधरी अयूब अली, हरीराज सिंह, ओमप्रकाश सिंह, उदयपाल सिंह, अनूप सिंह, सुमित चौहान, शिवराज सिंह बिश्नोई, टेकचंद सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# 120 मानकों पर संवरेंगे मुरादाबाद के 15 पीएम श्री विद्यालय

**संभल के इटायला माफी स्कूल की तर्ज पर होगा विकास, मिशन कायाकल्प के 19 मानकों से हो चुके हैं संतृप्त**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में बेसिक शिक्षा की तस्वीर को पूरी तरह से बदलने और हाईटेक करने की बड़ी कार्ययोजना तैयार की गई है।

मुरादाबाद के 15 पीएम श्री विद्यालयों को अब श्मॉडल और लीडरशिप स्कूलश के रूप में विक. सित किया जाएगा। शनिवार को जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया द्वारा पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय बिलारी के निरीक्षण के बाद यह रूपरेखा तय की गई है। इन स्कूलों का कायाकल्प इन्फ्रास्ट्रक्चर और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े 120 विशेष मानकों के आधार पर किया जाएगा। इन्हें देश में स्वच्छता के लिए नंबर वन का पुरस्कार पा चुके संभल जिले के इटायला माफी स्थित पीएम श्री विद्यालय की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत इन 15 विद्यालयों को 6 प्रमुख पिलर्स पर विकसित किया जाना है। इसमें मात्रात्मक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) से लेकर गुणात्मक (क्वालिटी एजुकेशन) तक कुल 120 बिंदु तय किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इन 120 में से मिशन कायाकल्प के तहत आने वाले 19 मूलभूत मानकों को विद्यालयों में पहले ही पूरा (संतृप्त) किया जा चुका है। अब कार्ययोजना के तहत शेष मानकों पर तेजी से काम होगा, ताकि इन्हें पूरी तरह से एक आदर्श विद्यालय का स्वरूप दिया जा सके।

जिले के इन मॉडल स्कूलों को विकसित करने के लिए संभल जिले के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी (विकास खंड असमौली) को बेंचमार्क माना गया है।

गौरतलब है कि इटायला माफी विद्यालय को देश के नंबर वन स्वच्छ विद्यालय के रूप में पुरस्कृत किया जा चुका है, जहां मा. राज्यपाल सहित कई मंत्री और अधिकारी इसकी व्यवस्थाओं का जायजा लेने आ चुके हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्थाओं और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलारी को निर्देश दिए कि बिलारी सहित सभी 15 पीएम श्री स्कूलों का भौतिक और शैक्षिक विकास बिल्कुल उसी तर्ज पर किया जाए। भौतिक चकाचौंध के साथ-साथ पढ़ाई के स्तर को सुधारने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। विद्यालय में बालवाटिका और प्राथमिक स्तर के बच्चों को अब श्लर्निंग बाय डूइंगश (करके सीखना) पद्धति के तहत शिक्षा दी जाएगी, ताकि वे रटने के बजाय चीजों को प्रायोगिक तौर पर समझ सकें। वहीं, कक्षा 1 और कक्षा 4 के बच्चों की व्याकरण संबंधी अशुद्धियों को श्मेरी त्रुटियां मेरी सीख कार्यपुस्तिका के माध्यम से सुधारा जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के अनुसार, बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता मापने के लिए शनिपुण टीमश द्वारा नियमित मूल्यांकन होगा और एआरपी/एसआरजी द्वारा लगातार इनकी ट्रैकिंग की जाएगी।

## दिल्ली से अल्मोड़ा जा रही कारचालक को लगी नींद की झपकी, हादसा टला

**ठाकुरद्वारा।** दिल्ली से उत्तराखंड के अल्मोड़ा जा रहे युवकों की कार चालक को अचानक नींद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार अल्मोड़ा निवासी बिरजू दिल्ली में कार्य करते हैं। शनिवार सुबह वह अपने चार साथियों के साथ दिल्ली निवासी अर्जुन सिंह, हर्ष रावत, विजय रावत, विनीत जोशी कार से अपने पैतृक गांव अल्मोड़ा जा रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे जैसे ही उनकी कार ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद रोड स्थित शिवहरि राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के पास पहुंची, तभी चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे कार अचानक असंतुलित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। राहत की बात यह रही कि कार में सवार किसी भी युवक को गंभीर चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि कार की रफ्तार अधिक होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद कुछ देर तक मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।




प्रयागराज। भीषण गर्मी के दिन में लोगों को राहत देने के लिए पानी का छिड़काव करता नगर निगम का वाटर स्प्रिंकलर ट्रक।

## कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य इबोला का प्रकोप, डब्ल्यूएचओ पहुंचा रहा राहत सामग्री

**किन्शासा/ब्राजाविल।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के उत्तर-पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला बुंडिबुग्यो के प्रकोप की पुष्टि होने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) वहां की सरकार को दी जाने वाली सहायता को तेजी से बढ़ा रहा है। कांगो की राजधानी किन्शासा में स्थित देश की रेफरेंस लैब, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (आईएनआरबी) द्वारा किए गए लैब टेस्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि इटुरी प्रांत के मोंगबवालू और रवाम्पारा स्वास्थ्य क्षेत्रों में गंभीर बीमारी और मौतों के एक समूह से जुड़े संदिग्ध मामलों से लिए गए 13 नमूनों में से 8 में इबोला का प्रकोप बुंडिबुग्यो प्रजाति के कारण हुआ था।

# नीदरलैंड में बोले मोदी, भारत अवसरों की भूमि

## प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय से निवेश और सहयोग का किया आह्वान

**द हेग।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 वीं सदी के भारत को अवसरों की भूमि बताते हुए नीदरलैंड में भारतीय समुदाय से भारत में निवेश तथा सहयोग बढाने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि विकसित भारत की यात्रा में वैश्विक भारतीय समुदाय की बड़ी भूमिका होगी। पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में दो दिन की यात्रा पर शुक्रवार रात यहां पहुंचे मोदी ने शनिवार को भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की।

भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने उन लोगों को दोनों देशों के संबंधों की असली ताकत तथा जीवंत सेतु करार दिया और कहा कि सरकार ने सूरीनामी हिदुस्तानी समाज के लिए ओसीआई कार्ड पात्रता चौथी पीढ़ी से बढ़ाकर छठी पीढ़ी तक कर दी है। मोदी ने आर्थिक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र और लोकतांत्रिक उपलब्धियों को रेखांकित किया तथा उन लोगों से भारत-नीदरलैंड संबंधों को नई ऊंचाई देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड के नेताओं ने हमेशा भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा की है और यहां रह रहे भारतीय डच समाज के लोग अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रवासियों की सांस्कृतिक जड़ों की सराहना करते हुए कहा कि पीढ़ियां बदलने और देशों की सीमाएं बदलने के बावजूद भारतीयों ने अपनी भाषा, संस्कृति, त्योहार और परंपराओं को जीवित रखा है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय केवल प्रवास की कहानी नहीं बल्कि संघर्ष, संस्कृति और प्रगति की जीवंत मिसाल है। भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न थे जबकि आज यह संख्या करीब 125 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रक्षा, अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब मोबाइल फोन निर्माण में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और देश में 12 सेमीकंडक्टर संयंत्रों पर काम चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत में अब 'डिजाइन्ड इन इंडिया' और 'मेड इन इंडिया' चिप्स का उत्पादन शुरू हो रहा है। उन्होंने डिजिटल इंडिया अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल सार्वजनिक ढांचा विकसित कर चुका है। उन्होंने कहा कि हर महीने भारत में 20 अरब से अधिक यूपीआई लेनदेन हो रहे हैं, जो वैश्विक डिजिटल लेन-देन का आधे से अधिक हिस्सा है। वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी, युद्ध और ऊर्जा संकट के बीच दुनिया विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत और नीदरलैंड मिलकर 'विश्वसनीय, पारदर्शी और भविष्य-उन्मुख' आपूर्ति श्रृंखला विकसित कर रहे हैं। उन्होंने हरित हाइड्रोजन, जल सुरक्षा और व्यापारिक सहयोग को दोनों देशों के रिश्तों का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए ऐतिहासिक व्यापार समझौते से भारत-नीदरलैंड साझेदारी और मजबूत होगी तथा भारतीय व्यवसायों के लिए यूरोप में प्रवेश का प्राकृतिक द्वार नीदरलैंड बनेगा।



**■ भारत आज 'असीम आकांक्षाओं' और 'असीम प्रयासों' के साथ दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है: पीएम**

## ट्रम्प के बाद अब पुतिन चीन की यात्रा की तैयारी में

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा की समाप्ति के तुरंत बाद रूस ने राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के 19 मई से दो दिन के लिए चीन जाने के कार्यक्रम की घोषणा की है। पुतिन सरकार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पुतिन 19 से 20 मई तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच 'व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत' बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति पुतिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर बैठक करेंगे। वह बीजिंग में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ आर्थिक और व्यापारिक सहयोग पर भी बातचीत करेंगे। रूस की समाचार एजेंसी तास की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा दोनों देशों के बीच 2001 में हुई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय 'सद्भावना और मैत्रीपूर्ण सहयोग संधि' की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

# चीनी विदेश मंत्री ने ट्रम्प को दी कड़ी चेतावनी

## चीन-अमेरिका टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है: वांग ई



**■ दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमेरिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते**

**■ चीन और अमेरिका के बीच संबंध ) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह**

**■ शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बातचीत हुई**

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई वार्ता के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी हो सकता है।

चीन सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) के अनुसार, वांग ई ने कहा कि चीन और अमेरिका के बीच टकराव दोनों देशों और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित होगा, जबकि सहयोग से कई ऐसे महान परिणाम प्राप्त हो सकते हैं जिनसे दोनों देशों और पूरी दुनिया को लाभ होगा। मंत्री ने आगे कहा कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं होने के नाते चीन और अमेरिका एक-दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते। मंत्री ने आगे कहा कि (चीन और अमेरिका के बीच संबंध) प्रबंधनीय और स्थिर होने चाहिए, न कि लगातार उतार-चढ़ाव वाले रोलर कोस्टर की तरह।

### ताइवान को 12 अरब अमेरिकी डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ताइवान को 12 अरब डॉलर मूल्य के हथियारों की आपूर्ति का मुद्दा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक साक्षात्कार में इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ताइवान को दी जाने वाली लगभग 12 अरब डॉलर के हथियारों की आपूर्ति फिलहाल स्थगित कर दी गई है। ट्रम्प ने इसे चीन के साथ बातचीत और सौदेबाजी के लिए एक 'बहुत अच्छा टूल' बताया है। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि मैं इसे रोक रहा हूं और यह चीन पर निर्भर करता है। सच कहूं तो, यह हमारे लिए बातचीत का एक बहुत अच्छा जरिया है। इसमें बहुत सारे हथियार हैं। इसमें 12 अरब अमेरिकी डॉलर के बहुत सारे हथियार हैं। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि चीन में उनकी बातचीत से ताइवान के प्रति अमेरिकी नीति पर कोई असर नहीं पड़ा है। ट्रम्प ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कुछ भी नहीं बदला है। उन्होंने चीन और ताइवान दोनों से तनाव कम करने की अपील करते हुए कहा कि ताइवान और चीन दोनों के लिए थोड़ा शांत रहना समझदारी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले कहा था कि उन्हें ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मतभेदों के पूर्ण पैमाने के संघर्ष में बदलने का कोई खतरा नहीं दिखता।

चीन के शीर्ष राजनयिक ने बताया कि शी और ट्रम्प के बीच लगभग नौ घंटे की बातचीत हुई। चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, वांग ई ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी, जिसमें दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने गहन चर्चा की और फलदाई परिणाम प्राप्त किए। बैठक में औपचारिक वार्ता और स्वागत भोज के साथ-साथ विचारों का आदान-प्रदान और छोटे पैमाने पर दौरे भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि 'चीन-अमेरिका संबंधों की नाव' को चलाने में शी और ट्रम्प का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के विकास पर दूरगामी प्रभाव डालेगा। ट्रम्प ने 13-15 मई को चीन की राजकीय यात्रा की।

## आईएमएफ के फंड से रक्षा बजट में बढ़ोतरी करेगा पाक

**■ 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार अगले वित्त वर्ष के बजट में रक्षा खर्च को करीब 100 अरब पाकिस्तानी रुपये बढ़ाने की योजना बना रही है। सरकार यह बजट अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा समर्थित एक सुधार कार्यक्रम के तहत तैयार कर रही है, जिसमें राजस्व में भारी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। डान अखबार की एक रिपोर्ट में आईएमएफ के दस्तावेजों का हवाला दिया गया है।

इसके अनुसार, साल 2026-27 के लिए पाकिस्तान का रक्षा खर्च 2.665 लाख करोड़ (ट्रिलियन) पाकिस्तानी रुपये रहने का अनुमान है। पिछले साल यह खर्च 2.564 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ ने 2026-27 के लिए पाकिस्तान के कुल संघीय राजस्व का अनुमान 17.144 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये लगाया है, जो मौजूदा वित्त वर्ष से 2 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये से भी अधिक है। इसमें 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है। इसमें यह भी कहा गया है, पाकिस्तान सरकार ने संघीय और प्रांतीय सरकारों के कुल खर्च में जीडीपी के 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की बात कही है। यह खर्च कुल 4.227 लाख करोड़ रुपये होगा। इसके अलावा, सरकार ने जून 2027 तक सभी सरकारी भुगतानों को पूरी तरह डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा है। आईएमएफ के सुधारों के हिस्से के रूप में, सरकार इस साल के अंत तक भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा आशंका वाले 10 संस्थानों की पहचान करेगी। इन संस्थानों का विशेष आडिट और विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही, राज्यों की भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं को भी और ताकत दी जाएगी। सरकार ने यह भी भरोसा दिया है कि वह विशेष आर्थिक क्षेत्रों, निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्रों और विशेष टेक्नोलाजी क्षेत्रों के लिए कोई नई रियायत या प्रोत्साहन शुरू नहीं करेगी।

# ईरान के साथ युद्धविराम पाक के अनुरोध: ट्रम्प

## पाकिस्तान को वॉशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया

**एयर फोर्स वन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शत्रुता को समाप्त करने के लिए राजनयिक मार्ग खोलने के उद्देश्य से ईरान के साथ किया गया युद्धविराम समझौता 'पाकिस्तान के अनुरोध पर' किया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान को वाशिंगटन और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाला बताया और यह दावा भी किया कि अन्य देशों ने भी इस युद्धविराम के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने चीन की दो दिवसीय यात्रा से लौटते समय एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बात करते हुए अपनी शंकाओं के बारे में हमेशा की तरह स्पष्ट रूप से कहा कि वे शुरू में युद्धविराम के पक्ष में नहीं थे, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अनुरोधों के कारण सहमत हुए। उन्होंने कहा कि व्यापक राजनयिक दबाव ने इस निर्णय को प्रभावित किया। ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि अमेरिका शत्रुता में आए इस ठहराव को समझौते के रूप में नहीं, बल्कि अपने अत्यधिक शक्तिशाली होने की स्थिति से देखता है। उन्होंने दुनिया के सबसे अशांत क्षेत्रों में से एक में पाकिस्तान की राजनयिक भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने वास्तव में अन्य देशों के अनुरोध पर युद्धविराम किया। मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल और प्रधानमंत्री बहुत बढ़िया हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी से ईरान पर दबाव बनाने के लिए कहा था, तो ट्रम्प ने संकेत दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ अपने व्यवहार में बाहरी 'उपकारों' पर निर्भर नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने पहले ही 'मुख्य रूप से उनके सशस्त्र बलों को समाप्त कर दिया है' और संभावित आगामी कार्रवाई का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि हमें थोड़ा सफाई का काम करना पड़ सकता है क्योंकि हमारे पास महीने भर का छोटा युद्धविराम था, लेकिन हमारी नाकेबंदी इतनी प्रभावी है-यही कारण है कि हमने युद्धविराम किया। ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान पर दबाव बनाने के लिए चीन से सहायता मांगने की बात को ज्यादा महत्व नहीं दिया। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि होर्मुज पर बीजिंग की ऊर्जा निर्भरता को देखते हुए वह अभी भी एक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं किसी से मदद नहीं मांग रहा हूं, क्योंकि जब आप सहायता मांगते हैं, तो आपको बदले में सहायता भी करनी पड़ती है। हमें किसी की मदद की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अपने देश की जरूरतों के हिंसाब से ईरान पर दबाव बना सकते हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे उनसे दबाव बनाने के लिए कह सकते हैं-मुझे लगता है कि वे ऐसा करेंगे।



**■ मैं वास्तव में इसके पक्ष में नहीं होता, लेकिन हमने इसे पाक के अनुरोध को स्वीकार करते हुए किया: ट्रम्प**

## यूएई ने ईरान के खिलाफ हमलों में हाथ होने से किया इंकार

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान के उन आरोपों को साफ तौर पर खारिज कर दिया, जिसमें ईरान ने अमेरिकी हमलों के दौरान सीधे तौर पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया था। नई दिल्ली में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) के विदेश मंत्रियों की बैठक में यूएई के राज्य मंत्री खलीफा शाहीन अल मरार ने कहा कि इस तरह के आरोपों के साथ ही दबाव या गलत जानकारी की कोशिशों का देश के सिद्धांतों पर बनी विदेश नीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूएई अपनी संप्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वतंत्र फैसले लेने को प्रतिबद्ध है और किसी भी दुश्मनी भरे काम का जवाब देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत सभी अधिकार रखता है।

# मालदीव में इटली के 5 गोताखारों की मौत

## समुद्र के नीचे गहरी गुफाओं की खोज में निकले थे, सिर्फ एक का शव मिला



**माल।** मालदीव के वावू एटोल में इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में मौजूद गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अब तक सिर्फ एक शव बरामद हुआ है।

खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका है। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मोनिका मोंटेफाल्कोने, जार्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है। यह टीम 'डयूक आफ यार्क' नाम की बोट से समुद्र में गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक पांच में से कम से कम चार डाइवर्स इटली की यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा से जुड़े थे। जियानलुका बेनेडेट्टी याट पर बोट आपरेशंस मैनेजर थे। उनका शव ही अब तक बरामद किया जा सका है। मोनिका मोंटेफाल्कोने मरीन बायोलाजिस्ट और यूनिवर्सिटी आफ जेनोवा में ट्रापिकल मरीन इकोलाजी और अंडरवाटर साइंस की प्रोफेसर थीं। इटली की मीडिया के मुताबिक वह मालदीव में एक आइलैंड मानिटरिंग कैंपेन की साइंटिफिक डायरेक्टर भी थीं। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी बेटी जार्जिया सोमाकाल को भी समुद्र और डाइविंग में दिलचस्पी थी। उन्होंने उसी यूनिवर्सिटी से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। 31 साल की म्यूरियल ओडेनिनो मरीन बायोलाजिस्ट और इकोलाजिस्ट थीं। उन्होंने कई वैज्ञानिक रिसर्च पेपर भी लिखे थे। वहीं, 31 साल के फेडेरिको गुआल्तिएरी ने हाल ही में मरीन बायोलाजी और इकोलाजी में डिग्री पूरी की थी। वह सर्टिफाइड स्कूबा डाइविंग इंस्ट्रक्टर भी थे।

## आईएसआई के नंबर-2 कमांडर की अमेरिकी ऑपरेशन में मौत

**■ अफ्रीका में छिपा था, ट्रम्प बोले: वह दुनिया का सबसे एक्टिव आतंकी था**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आतंकी संगठन आईएसआई के दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू बिलाल अल मिनुकी के मारे जाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेना ने नाइजीरियाई सेना के साथ मिलकर अफ्रीका में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। ट्रम्प ने कहा कि यह ऑपरेशन बहुत ही प्लानिंग के साथ और बेहद मुश्किल तरीके से अंजाम दिया गया। वह छिपा हुआ था तभी उसे निशाना बनाया गया।

उनके मुताबिक यह आतंकी दुनिया के सबसे एक्टिव आतंकियों में से एक था और उसे खत्म करने के लिए काफी समय से उस पर नजर रखी जा रही थी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उसके मारे जाने से आईएसआई के फंडिंग नेटवर्क और कमांड सिस्टम को बड़ा नुकसान हुआ है। हालांकि ऑपरेशन कहां और कब हुआ, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आईएसआई का सबसे बड़ा नेता उसका खलीफा होता है। अभी के समय में इस संगठन का प्रमुख अबू हफ्स अल हाशिमी अल कुरैशी माना जाता है। वहीं नंबर-2 अल मिनुकी को इस्लामिक स्टेट (आईएसआई) का संगठन और फंडिंग संभालने वाला दिमाग माना जाता था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, वह अमेरिका और उसके विदेशों में मौजूद हितों पर हमलों की योजना बना रहा था।

## ओपेक से बाहर निकलना एक रणनीतिक फैसला: संयुक्त अरब अमीरात

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के ऊर्जा और बुनियादी ढांचा मंत्री सुहैल अल-मजरूई ने तेल निर्यातक देशों के संगठन 'ओपेक' और 'ओपेक प्लस' से बाहर निकलने के देश के फैसले का खुलासा किया है। मजरूई ने स्पष्ट किया कि संगठन छोड़ना यूएई का रणनीतिक विकल्प है, जो पूरी तरह से देश के राष्ट्रीय हितों और आर्थिक दृष्टिकोण पर आधारित है। सोशल मीडिया पर शनिवार को मंत्री ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की, जो पिछले कुछ दिनों से फिजा में तिर रहे थे कि राजनीतिक मतभेदों की वजह से यूएई ने इन संगठनों को छोड़ा है।

# ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

## 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात, ट्रम्प के फैसले का इंतजार

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं। एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रायर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं।



**■ अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा**

### अमेरिका में उत्पादन करे और अमेरिकियों को नौकरी दे चीन: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर चीन अमेरिका से टैरिफ से बचना चाहता है, तो उसे अमेरिका में कारखाने लगाने चाहिए और अमेरिकियों को नौकरी देनी चाहिए। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज से कहा कि अगर चीन यहां आकर टैरिफ से बचना चाहता है, तो यहां उत्पादन करने पर ज्यादातर अमेरिकी लोगों को ही नौकरी मिलेगी। अगर वे टैरिफ से बचना चाहते हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही उत्पादन करना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि चीन के साथ पहले घोषित समझौते के तहत ऑर्डर किए गए बोइंग विमानों की संख्या 750 तक पहुंच सकती है। अमेरिकी नेता के अनुसार, पहले बीजिंग ने 200 बोइंग विमान खरीदने पर सहमति जताई थी, हालांकि चीन ने अभी तक इस समझौते की पुष्टि नहीं की है।

## नाइजीरिया ने भी की आईएसआईएस आतंकी अबू बिलाल की मौत की पुष्टि

**अबूजा।** नाइजीरिया-अमेरिका की सेनाओं ने संयुक्त सैन्य अभियान में खूंखार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े कमांडर अबू-बिलाल अल-मिनुकी को मार गिराया है। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टिनूबू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस सफल अभियान की पुष्टि करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ बड़ी उपलब्धि करार दिया है। लेक चाड बेसिन में स्थित आतंकवादी ठिकाने पर किए गए इस सटीक प्रहार में अल-मिनुकी के साथ उसके कई साथी भी मारे गए हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति टिनूबू ने इस कामयाबी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नाइजीरियाई सशस्त्र बलों ने अमेरिकी सेना के साथ मिलकर इस बेहद साहसी अभियान को अंजाम दिया है।



# विजय थलपति का नाम सुन शरमाई

## तृषा कृष्णन

### फैन ने कहा-थलपति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है, एक्ट्रेस ने किया रिएक्ट

**चेन्नई।** थिएटर से बाहर निकलते समय एक फैन ने तृषा कृष्णन से विजय का जिक्र किया तो एक्ट्रेस ब्लश कर गईं। तृषा चेन्नई में अपनी नई रिलीज फिल्म करुप्पु की स्क्रीनिंग में पहुंचीं। इस दौरान डायरेक्टर आरजे बालाजी और एक्टर कार्थी भी मौजूद थे। थिएटर से बाहर निकलते समय तृषा अपनी कार में बैठी थीं। उन्होंने ब्लैक टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी। इसी दौरान एक फैन ने कहा कि थलपति से कहना कि मैंने उनका हालचाल पूछा है। इस पर तृषा ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, कंदीपा जरूर। फिर उन्होंने सिर नीचे कर लिया। इसके बाद वह फोन चलाती नजर आती हैं। बाद में तृषा वहां मौजूद फैंस की तरफ हाथ हिलाकर उनका अभिवादन भी करती दिखीं। तृषा की फिल्म करुप्पु सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज हुई। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से तृषा को एक्टर और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के साथ लिंक किया जा रहा है। हालांकि, विजय और तृषा ने अब तक अपने रिश्ते को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दिया है। हाल ही में सीएम विजय के एक फैसले की भी काफी चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने तृषा की फिल्म करुप्पु के लिए सुबह 9 बजे के मार्निंग शो (स्पेशल स्क्रीनिंग) की विशेष अनुमति दी। बता दें कि मार्निंग शो पर राज्य में पिछले 3 सालों से प्रतिबंध लगा हुआ था। इससे पहले 10 मई को तृषा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में विजय के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुईं। शपथ ग्रहण समारोह में तृषा ने विजय के परिवार से मुलाकात की और उनकी मां से गले मिलीं। वहीं, 4 मई को चुनाव परिणाम के दिन तृषा विजय के नीलांकरई स्थित घर भी पहुंची थीं। खास बात यह रही कि उसी दिन तृषा का 43वां जन्मदिन भी था। पर्सनल लाइफ की बात करें तो तृषा की 2015 में बिजनेस मैन वरुण मनियन से सगाई हुई थी, लेकिन बाद में दोनों अलग हो गए थे। वहीं, विजय ने 1999 में संगीता सोरना. लिंगम से शादी की थी। इस शादी से दोनों के दो बच्चे जेसन संजय और दिव्या साशा हुए। वहीं, विजय और संगीता के तलाक का मामला अदालत में चल रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, संगीता ने अपनी तलाक याचिका में पति विजय पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। कि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया था।

# कान्स में गूंजा लालो का नाम, गुजराती सिनेमा ने रचा नया इतिहास



**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर गुजराती फिल्म लालो ने कान्स में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। फिल्म की टीम ने दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई मंचों में से एक पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए गुजराती सिनेमा को नई पहचान दिलाई है। लालो कान्स तक पहुंचने वाली उन शुरुआती गुजराती फिल्मों में शामिल हो गई है, जिसने क्षेत्रीय कहानियों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का काम किया है।यह उपलब्धि भारतीय सिनेमा, मिट्टी से जुड़ी सच्ची कहानियों और देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाली कहानियों को दुनिया भर में मिल रही पहचान का उत्सव है। फिल्म की टीम ने दर्शकों के लगातार प्यार और समर्थन के लिए आभार जताया, जिसकी वजह से यह खास सफर संभव हो सका।

निर्देशक अंकित साखिया ने कहा, लालो- श्री कृष्ण सदा सहायते का कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए गर्व और बेहद भावुक कर देने वाला पल है। हमारा मानना है कि हमारी भाषा, हमारी संस्कृति और इस फिल्म ने ही हमें यहां तक पहुंचाया है।

# प्रीति जिंटा की बातों से प्रभावित हैं सोनम बाजवा, अभिनेत्री की तारीफ की





**मुंबई।** एक्ट्रेस सोनम बाजवा अपनी नई पंजाबी फिल्म शपिट सियापाश को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने आईपीएल सीजन के दौरान टीम पंजाब किंग्स को सपोर्ट किया है। उन्होंने टीम की को-ओनर प्रीति जिंटा से हुई मुलाकात के बारे में बात की है और तारीफ की है। सोनम बाजवा को आईपीएल 2026 के कई मैचों में पंजाब किंग्स के लिए चीयर करते देखा गया है। सोनम बाजवा ने प्रीति जिंटा को लेकर अपने विचार साझा किए। प्रीति के बारे में बात करते हुए, सोनम ने का श्वह उन सबसे खूबसूरत और हसीन महिलाओं में से एक हैं जिन्हें मैंने कभी देखा है। मैंने उनकी पहली फिल्म से ही उन्हें फालो किया है।

एक एक्ट्रेस के तौर पर उनका सफर देखा है। अब, मैं एक एंटरप्रेन्योर के तौर पर भी उनका सफर देख रही हूं। वह आईपीएल टीम को लीड कर रही हैं। यह सचमुच प्रेरणादायक है। एक्ट्रेस ने कहा श्मैं कल ही किसी से बात कर रही थी कि प्रीति का एक्टिंग करियर कितना शानदार रहा है। सही समय पर, उन्होंने इस आईपीएल टीम में निवेश किया और यह टीम कमाल कर रही है। सोनम ने टूर्नामेंट के बाकी मैचों के लिए पंजाब किंग्स को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा उनकी टीम काफी अच्छा कर रही है। पंजाब की टीम भी काफी अच्छा कर रही है। इसलिए, मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। प्रीति जिंटा की टीम पंजाब किंग्स को हाल ही में मुंबई इंडियंस के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसे मिलाकर टीम की यह पांचवी हार है। आईपीएल 2026 सीजन की शानदार शुरुआत करते हुए टीम अब 12 मैचों में 13 अंकों के साथ पाइंट्स टेबल पर चौथे स्थान पर है। प्लेआफ में पहुंचने के लिए पंजाब किंग्स को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे।

# पुष्कर जोग ने कान्स डेब्यू में सभी का दिल जीता

**मुंबई।** अभिनेता पुष्कर जोग ने प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपना दमदार डेब्यू किया और अपनी मौजूदगी से सबका दिल जीत लिया। पुष्कर जोग ने इस ग्लोबल मंच पर महाराष्ट्र का शानदार प्रतिनिधित्व किया। कान्स में दुनिया भर के बड़े-बड़े सितारे और नामी चेहरे मौजूद थे। इस इंटरनेशनल चमक-दमक के बीच पुष्कर जोग ने अपनी अलग पहचान बनाई और मराठी सिनेमा के लिए एक खास पल दर्ज किया। पहली बार आइकॉनिक रेड कार्पेट पर उतरते ही पुष्कर ने अपने सिपल लेकिन स्टाइलिश लुक से सबको इंप्रेस कर दिया। उनका कॉन्फिडेंट अंदाज, लोगों से गर्मजोशी भरी मुलाकातें और चेहरे पर साफ दिखती खुशी ने उन्हें फेस्टिवल के यादगार इंडियन चेहरों में शामिल कर दिया। अपना अनुभव शेयर करते हुए पुष्कर ने कहा, पहली बार कान्स रेड कार्पेट पर चलना सच में किसी सपने जैसा है।

# अक्षय की वेलकम टू द जंगल का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार के अल्ट्रा-स्टाइलिश पोस्टर के बाद अब टीजर ने भी फिल्म के मजेदार माहौल की झलक दे दी है, जिसे देखकर फैंस अक्षय कुमार को एक बार फिर उनके सबसे पसंदीदा कॉमेडी अवतार में देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। वेलकम टू द जंगल पूरी तरह से कॉमेडी और अफरा-तफरी से भरी एक ऐसी दुनिया है, जहां हर मोड़ पर हंसी का धमाका होने वाला है। ज्यादा स्टार्स, ज्यादा कन्फ्यूजन, ज्यादा कॉमेडी और नॉन-स्टॉप एंटरटेनमेंट के साथ यह फिल्म दर्शकों को इंटेंस सिनेमा से एक मजेदार ब्रेक देने का वादा करती है। क्लासिक कॉमिक टाइमिग और साफ-सुथरे पारिवारिक मनोरंजन का वही पुराना चार्म इस फिल्म में फिर से देखने को मिलेगा। फिल्म में कलाकारों की एक शानदार टोली नजर आएगी, जिसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ,




परेश रावल, रवीना टंडन, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला, हेमंत पांडे, बृजेंद्र काला, फिरोज खान (अर्जुन), स्वर्गीय पंकज धीर जी, पुनीत इस्सर, सुदेश बेरी, जीतू वर्मा, वृहि कोडवारा, आदित्या सिंह और भाग्य भानुशाली शामिल हैं।

